डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक




वर्ष -09 अंक -123 | प्रयागराज ,शुक्रवार,21,जुलाई, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### सीजीआई की देशभर के न्यायाधीशों को नसीहत, बोल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश (सीजेआइ) डीवाई चंद्रचूड़ ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक न्यायाधीश को रेल यात्रा के दौरान हुई असुविधा पर प्रोटोकाल अधिकारी द्वारा रेलवे के जनरल मैनेजर को लिखे गए पत्र और मांगे गए स्पष्टीकरण पर संज्ञान लिया है। उन्होंने इस पर आपत्ति जताई है। प्रधान न्यायाधीश ने इस घटना पर चिंता जताते हुए देश के सभी हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने न्यायाधीशों को नसीहत दी है। सीजेआइ डीवाई चंद्रचूड़ ने पत्र में कहा है कि हाई



कोर्ट के न्यायाधीश के पास रेलवे कर्मियों पर अनुशासनात्मक क्षेत्राधिकार नहीं है। हाई कोर्ट का अधिकारी रेलवे कर्मियों से स्पष्टीकरण नहीं मांग सकता। देशभर के न्यायाधीशों को सीख देते हुए जस्टिस चंद्रचूड़ ने पत्र में लिखा है कि न्यायाधीशों को प्रोटोकाल सुविधाओं को विशेषाधिकार का दावा करने के लिए नहीं करना चाहिए, जो उन्हें समाज से अलग करता हो, शक्ति या अधिकार का प्रदर्शन करता हो। न्यायाधीशों को उपलब्ध कराई जाने वाली प्रोटोकाल सुविधाओं का उपयोग इस तरह से नहीं किया जाना चाहिए, जिससे दूसरों को असुविधा हो या न्यायपालिका की सार्वजनिक आलोचना हो। पत्र में कहा गया है कि रेलवे के जनरल मैनेजर को भेजे गए पत्र ने न्यायपालिका के भीतर और बाहर दोनों जगह बेचैनी पैदा कर दी है। उन्होंने न्यायाधीशों को नसीहत देते हुए कहा है कि ज्यूडिशियल अथारिटी का बुद्धिमत्तापूर्ण प्रयोग बेंच के अंदर और बाहर दोनों जगह न्यायपालिका की विश्वसनीयता को कायम रखता है प्रधान न्यायाधीश ने पत्र में कहा है कि न्यायपालिका के भीतर आत्मचिंतन और काउंसलिंग की जरूरत है।

## 'मणिपुर हिंसा से हिल गया हूं', दो महिलाओं की नग्न वीडियो पर अक्षय कुमार और ऋचा चड्ढा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार, ऋचा चड्ढा और रेणुका सहाने मणिपुर में हुई हिंसा की स्थिति पर चिंता व्यक्त करने वाली पहली हस्तियों में से हैं। मणिपुर में हुई हिंसा के दौरान भीड़ द्वारा दो महिलाओं को नग्न घुमाने और फिर महिलाओं को नग्न घुमाने और फिर उनके साथ सामूहिक रूप से दुष्कर्म करने का भयावह वीडियो सामने आने के बाद तीनों हस्तियों ने अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस घटना को लेकर और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो को लेकर देशभर में ने वायरल वीडियो के बारे में एक और पोस्ट ट्वीट किया और इसी तरह की भावनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने लिखा, शर्मनाक! भयानक! अधर्म! अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, मणिपुर हिंसा की वीडियो देखकर मैं भयभीत हूं, कि यह मई में हुआ



उनके साथ सामूहिक रूप से दुष्कर्म करने का भयावह वीडियो सामने आने के बाद तीनों हस्तियों ने अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। दरअसल, सोशल मीडिया पर पुरुषों के एक समूह द्वारा दो महिलाओं को बिना कपड़ों के सड़क पर घुमाते हुए दिखाए जाने वाला वीडियो वायरल हो रहा है। घटना को लेकर मणिपुर के एक आदिवासी समूह ने दोनों महिलाओं को खेत में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का भी आरोप लगाया है। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ऋचा चड्ढा और रेणुका सहाने मणिपुर में हुई हिंसा की स्थिति पर चिंता व्यक्त करने वाली पहली हस्तियों में से हैं। मणिपुर में हुई हिंसा के दौरान भीड़ द्वारा दो काफी आक्रोश है। सोशल मीडिया पर आक्रोशित लोग लगातार अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। अक्षय कुमार, ऋचा चड्ढा और रेणुका सहाने की प्रतिक्रिया सामने आने के बाद अब कुछ बॉलीवुड अभिनेता भी सोशल मीडिया पर अपना विरोध जता रहे हैं। उन्होंने दोषियों के लिए कड़ी से कड़ी सजा की मांग की है।अक्षय कुमार ने पीड़ितों के लिए न्याय की मांग करते हुए ट्विटर पर लिखा, ठमणिपुर में महिलाओं के खिलाफ हिंसा का वीडियो देखकर हिल गया, मैं निराश हूं। मैं उम्मीद करता हूं कि दोषियों को इतनी कड़ी सजा मिलेगी कि कोई भी दोबारा ऐसी भयावह हरकत करने के बारे में ना सोचे।ठ इस बीच, ऋचा चड्ढा और इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। शर्म आनी चाहिए उन लोगों को जो सत्ता के नशे में चूर ऊंचे घोड़ों पर बैठे हैं, मीडिया में जोकर उन्हें चाट रहे हैं, मशहूर हस्तियां चुप हैं। प्रिय भारतीयों, हम यहां कब पहुंचे रेणुका सहाने ने हिंसा को नियंत्रित करने में सरकार की विफलता की ओर इशारा किया और सवाल किया कि क्या मणिपुर में अत्याचारों को रोकने वाला कोई नहीं है? उन्होंने कहा, ठक्या मणिपुर में अत्याचार रोकने वाला कोई नहीं है? यदि आप दो महिलाओं के उस परेशान करने वाले वीडियो से अंदर तक नहीं हिले हैं, तो क्या खुद को इंसान कहना भी सही है, भारतीय या इंडियन तो छोड़ ही दें।

## कर्नाटक विधानसभा में भारी हंगामे के बाद बेहोश हुए भाजपा विधायक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानसभा में बुधवार को जमकर हंगामा हुआ। इसी बीच विधानसभा अध्यक्ष यूटी कादर ने अशोभनीय और अपमानजनक आचरण को लेकर भारतीय जनता पार्टी (ढ्ढ) के 10 विधायकों को शेष सत्र से निलंबित कर दिया। ऐसे में विधानसभा के बाहर भी हंगामा देखने को मिला। भाजपा के भारी विरोध के बाद में पार्टी विधायक बसनगौड़ा पाटिल की तबीयत अचानक बिगड़ गई और वो बेहोश हो गए। जिसके तत्काल बाद उन्हें उपचार के लिए



अस्पताल ले जाया गया। जहां पर पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने भाजपा विधायक पाटिल का हालचाल जाना। पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा ने अस्पताल में भर्ती बसनगौड़ा पाटिल की एक तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर साझा की। भाजपा के भारी विरोध के बाद में पार्टी विधायक बसनगौड़ा पाटिल की तबीयत अचानक बिगड़ गई और वो बेहोश हो गए। जिसके तत्काल बाद उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

## पैक्सों को मिलेगी मजबूती, कॉमन सर्विस सेंटर की तरह भी करेंगे काम; अमित शाह करेंगे महासंगोष्ठी का उद्घाटन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** प्राथमिक कृषि ऋण समिति (पैक्स) की ओर से कामन सर्विस सेंटर (सीएससी) की सेवाएं शुरू होने जा रही हैं। इसके लिए शुक्रवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय महासंगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। उद्घाटन केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह करेंगे। सहकारिता मंत्रालय की ओर से गुरुवार को बताया गया कि महासंगोष्ठी का आयोजन ण्अण् एवं सीएससी के सहयोग से कराया जा रहा है। इस दौरान पैक्स की ओर से सीएससी की सेवाओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। सहकारिता मंत्रालय की ओर से व्यापक विमर्श के बाद तैयार मॉडल बायलॉज के जरिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए पैक्सों को अधिक सशक्त बनाया जा रहा है। पैक्स को देश में सहकारिता की रीढ़ माना जाता है। इनके जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में सीएससी सेवाओं की आपूर्ति से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। पैक्सों को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार, राष्ट्रीय सहकारिता विश्वविद्यालय, सहकारी नीति और सहकारी



डेटाबेस बना रही है। पैक्सों को बहुद्देशीय बनाकर किसानों की आय बढ़ाने के प्रयासों को भी संबल मिलेगा। इसी वर्ष फरवरी में 2023 अमित शाह एवं केंद्रीय इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव की उपस्थिति में पैक्सों को सीएससी द्वारा दी जाने वाली सेवाएं प्रदान करने के लिए समझौता किया गया है। इसके तहत पहले चरण में 63 हजार पैक्सों प्रशिक्षित किया जा रहा है। दूसरे चरण में तीस हजार पैक्सों को प्रशिक्षित किया जाएगा। सहकारिता मंत्रालय की ओर से व्यापक विमर्श के बाद तैयार मॉडल बायलॉज के जरिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए पैक्सों को अधिक सशक्त बनाया जा रहा है। पैक्सों को डेयरी, मत्स्य पालन, गोदाम, कस्टम हायरिंग केंद्र, उचित मूल्य की दुकानों, एलपीजी, डीजल, पेट्रोल की एजेंसी आदि सहित 25 से अधिक आर्थिक गतिविधियों को संचालित करने की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। इसके अतिरिक्त संबंधित मंत्रालयों के परामर्श से पैक्सों को सीएससी के रूप में कार्य करने, एफपीओ बनाने, एलपीजी वितरण के लिए आवेदन करने, खुदरा पेट्रोल-डीजल पंप आउटलेट एवं जन औषधि केंद्र खोलने, उर्वरक वितरण केंद्रों के रूप में काम करने के लिए भी सक्षम बनाया जा रहा है।

## सांसद मनोज झा ने मणिपुर की स्थिति पर चर्चा के लिए निलंबन प्रस्ताव किया पेश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनता दल (ढ्ढ) ने गुरुवार को मणिपुर की स्थिति पर चर्चा के लिए राज्यसभा में कामकाज निलंबित करने का नोटिस दिया, जहां 3 मई को हिंसा भड़क गई थी। ढ्ढ के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने मणिपुर में मौजूदा स्थिति पर चर्चा के लिए कार्य स्थगन प्रस्ताव पेश किया। ने मणिपुर की स्थिति पर चर्चा के लिए राज्यसभा में कामकाज निलंबित करने का नोटिस दिया जहां 3 मई को हिंसा भड़क गई थी। ढ्ढ के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने मणिपुर में मौजूदा स्थिति पर चर्चा के लिए कार्य स्थगन प्रस्ताव पेश किया ढ्ढ नेता ने कहा कि हिंसा आज भी बदस्तूर जारी है और निर्दोष आदिवासी गांवों पर हमले की घटनाएं आज तक नहीं रुकी हैं। उन्होंने कहा कि मैं दो महीने से अधिक समय से चल रही जातीय हिंसा पर चर्चा के लिए राज्यसभा में प्रक्रिया और कार्य संचालन नियमों के नियम 267 के तहत सदन के कामकाज को स्थगित करने का प्रस्ताव लाना चाहूंगा। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि अब तक 140 लोग



मारे गए हैं, कई हजार घायल हुए हैं, 60,000 लोग विस्थापित हुए हैं और कई घर, चर्च और गांव जला दिए गए हैं और नष्ट हो गए हैं। राजद नेता ने कहा कि मणिपुर में आज भी हिंसा बदस्तूर जारी है और निर्दोष आदिवासी गांवों पर हमले की घटनाएं आज तक नहीं रुकी हैं।झा ने कहा कि इसी परिप्रेक्ष्य में मैं नियम-267 के तहत आपके समक्ष अपना अनुरोध रखता हूं कि हमें विषय-पंक्ति में उल्लिखित मामले पर चर्चा करने की अनुमति दी जाए। विपक्षी दलों ने कहा है कि वे संसद के मानसून सत्र में मणिपुर हिंसा का मुद्दा उठाएंगे। विपक्ष पूर्वोत्तर राज्य में स्थिति को नियंत्रित करने में विफल रहने के लिए सरकार की आलोचना कर रहा है और स्थिति को नियंत्रित करने में बुरी तरह विफल रहने के लिए मुख्यमंत्री को तत्काल हटाने की मांग की है। मणिपुर में जातीय हिंसा 3 मई को भड़की थी और तब से अब तक 100 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोगों को राहत शिविरों में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है।बुधवार को, मणिपुर में भीड़ द्वारा दो युवतियों को सड़क पर नग्न घुमाने का भयावह वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित किया गया, जिसकी व्यापक निंदा हुई और सख्त कार्रवाई की मांग की गई।

## पाक नागरिक समेत भारतीय नौसेना जासूसी रैकेट में दो के खिलाफ आरोप पत्र

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश में इस साल की शुरुआत में भारतीय नौसेना की जासूसी करने के मामले में दो लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किए गए हैं। इनमें से एक पाकिस्तानी नागरिक और सोलंकी समेत दो लोगों की गिरफ्तारी हुई है। एनआइए के प्रवक्ता ने बताया कि विशाखापत्तनम स्थित नेवल डाकयार्ड के इलेक्ट्रिकल आर्टीफिशर रेडियो अपरेंटिस (ईएसी) में काम करने वाले सोलंकी




दूसरा भारतीय है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) के प्रवक्ता ने बताया कि आरोप पत्र उत्तर प्रदेश के आकाश सोलंकी (21) और फरार पाकिस्तानी आपरेटिव मीर बलाज खान के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और पीएमएलए के तहत विजयवाड़ा स्थित एनआइए की विशेष अदालत में आरोप पत्र दायर किए गए हैं। जासूसी का यह मामला पहले विजयवाड़ा के काउंटर इंटेलिजेंस सेल पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था। इसके बाद विगत पांच जून को इस मामले को एनआइए ने दोबारा दर्ज किया और अब तक इस मामले में ने भारतीय नौसेना के युद्धपोतों और पनडुब्बियों से संबंधित बेहद गोपनीय सूचनाएं बाहर भेज दी थीं। वह यह जानकारियों संदिग्ध पाकिस्तानी जासूसों को भेज रहा था जिसमें से एक ने उसे अपनी पहचान "अदिति चौहान" बताई थी। अन्य जासूस अज्ञात हैं। एनआइए के मुताबिक जांचकर्ताओं ने पाया कि सोलंकी को एक अन्य पाकिस्तानी जासूस मीर बलाज खान से मुआवजे के रूप में कुछ रकम भी मिल रही है। जांच में पता चला कि खान की आइडी पाकिस्तानी है। लेकिन यह पाकिस्तानी एजेंट जासूसी रैकेट का हिस्सा होने के बावजूद फरार है।

## तीन दिवसीय भारत दौरे पर पहुंचे जर्मनी के वाइस चांसलर रॉबर्ट हैबेक, इंडो-जर्मन बिजनेस फोरम का करेंगे उद्घाटन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** जर्मनी के वाइस चांसलर और आर्थिक मामलों एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री रॉबर्ट हैबेक अपनी तीन दिवसीय यात्रा के लिए गुरुवार तड़के देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली पहुंच गए हैं। जर्मनी के वाइस चांसलर और आर्थिक मामलों एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री रॉबर्ट हैबेक अपनी तीन अधिकारियों और बड़े एवं मध्यम स्तरीय जर्मन कंपनियों के शीर्ष कार्यकारियों का शिष्टमंडल भी भारत आया है। भारत यात्रा से पहले रॉबर्ट हैबेक ने जर्मनी की मीडिया से कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश भारत बढ़ता हुआ एक प्रमुख बाजार माना जाता है। उन्होंने



दिवसीय यात्रा के लिए गुरुवार तड़के देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली पहुंच गए हैं। भारत में जर्मन राजदूत फिलिप एकरमैन ने ट्वीट कर वाइस चांसलर रॉबर्ट हैबेक का स्वागत किया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि वाइस चांसलर और आर्थिक मामलों एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री रॉबर्ट हैबेक का दिल्ली में स्वागत है। भारत में जर्मन राजदूत फिलिप एकरमैन ने ट्वीट कर वाइस चांसलर रॉबर्ट हैबेक का स्वागत किया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि वाइस चांसलर और आर्थिक मामलों एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री रॉबर्ट हैबेक का दिल्ली में स्वागत है। जर्मनी दूतावास के एक बयान के अनुसार, वाइस चांसलर के साथ वरिष्ठ भारत के साथ रणनीतिक गठजोड़ को बढ़ाने और उसे गहरा बनाने को लेकर जर्मनी की रूचि की पुष्टि की और वाणिज्य मंत्री से मुलाकात करेंगे रॉबर्ट हैबेक भारत में जर्मन दूतावास ने बताया कि अपने दौरे के दौरान रॉबर्ट हैबेक तीन भारतीय शहरों का दौरा करेंगे और दिल्ली में इंडो-जर्मन बिजनेस फोरम का भी उद्घाटन करेंगे। साथ ही वह भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ-साथ विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर और ऊर्जा मंत्री आरके सिंह के साथ उच्च स्तरीय बैठकें करने की उम्मीद है। इसके अलावा अपनी यात्रा के अंतिम चरण में वह गोवा में जी20 ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे।

## मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** हिंसाग्रस्त मणिपुर में मानवता को बेहद शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। राज्य में प्रसारित एक वीडियो सामने आया है जिसमें सैंकड़ों की भीड़ एक समुदाय की दो महिलाओं को सड़क पर निर्वस्त्र कर घुमाती दिख रही है। हिंसाग्रस्त मणिपुर में मानवता को बेहद शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। राज्य में प्रसारित एक वीडियो सामने आया है जिसमें सैंकड़ों की भीड़ एक समुदाय की दो महिलाओं को सड़क पर निर्वस्त्र कर घुमाती दिख रही है। सोशल मीडिया पर प्रसारित इस वीडियो से लोग गुस्से में है और प्रशासन से सख्त से सख्त सजा देने की मांग कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित इस वीडियो से लोग गुस्से में है और प्रशासन से सख्त से सख्त सजा देने की मांग कर रहे हैं। एक आदिवासी संगठन ने दोनों महिलाओं के साथ एक खेत में सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का



आरोप लगाया है। पुलिस ने दर्ज किया मामला इस वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई पुलिस ने कहा कि वीडियो चार मई का है। पुलिस अधीक्षक के मेघचंद्र सिंह ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और इस संबंध में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ अपहरण, सामूहिक दुराचार और हत्या आदि का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का पूरा प्रयास कर रही है।उधर इस मामले में सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि मणिपुर में भारत की अवधारणा पर हमला किया जा रहा है, विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' चुप नहीं रहेगा। हम मणिपुर के लोगों के साथ खड़े हैं। शांति ही आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि पीएम नरेन्द्र मोदी की चुप्पी ने मणिपुर को अराजकता की ओर धकेल दिया है। वहीं, बीजेपी नेता और आईटी सेल प्रभारी अमित मालवीय ने भी पुलिस के प्रेस नोट को ट्विटर पर साझा किया है। इस प्रेस नोट में राज्य पुलिस और केंद्रीय बलों द्वारा राज्य के घाटी और पहाड़ी दोनों जिलों के विभिन्न संवेदनशील इलाकों में चलाए जा रहे तलाशी अभियानों का विवरण दिया गया है। ऐसे ही एक ऑपरेशन में जिला पुलिस, इंफाल पूर्व द्वारा 2 हथियार और 2 मैगजीन बरामद की गईं।

## छात्र की मौत का मामला: इलाहाबाद विवि प्रशासन ने अमिताभ ठाकुर को गेट पर रोका, पुलिस से तीखी नोकझोंक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर इलाहाबाद विश्वविद्यालय में बुधवार को धरने पर बैठे छात्रों से मिलने पहुंचे, पर पुलिसकर्मियों ने पहुंचे थे। अमिताभ ठाकुर गत दिन मृत छात्र आशुतोष द्विवेदी के पिता से मिले। उसके बाद वह इलाहाबाद विश्वविद्यालय पहुंचे थे। लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने कैंपस में



उन्हें परिसर में जाने से रोक दिया। जिसके बाद पूर्व पुलिस अधिकारी गेट के आगे धरने पर बैठ गए। ईविवि में साथी छात्र की पानी पीने के बाद मौत, मामले में प्रशासन की लापरवाही और विरोध कर रहे छात्रों के दमन के विरोध में धरने पर बैठे छात्रों को समर्थन देने के लिए अमिताभ ठाकुर विश्वविद्यालय जाने से रोक दिया। इसको लेकर अमिताभ ठाकुर की और पुलिस से तीखी नोकझोंक हुई। पुलिस और विवि प्रशासन के रवैये से नाराज होकर पूर्व आईपीएस विश्वविद्यालय के गेट पर धरने पर बैठ गए। उनके समर्थन में बड़ी संख्या छात्रनेता अपने समर्थकों के साथ भी बैठ गए।

## प्रयागराज: मनमाने ढंग से शटडाउन नहीं ले सकेंगे बिजली कर्मी, तय हुई जवाबदेही

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** प्रयागराज शटडाउन के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं को लेकर विद्युत महकमा और भी गंभीर



हो गया है। इसके लिए नए दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। निर्देश के मुताबिक अब बिजली कर्मचारी मनमाने ढंग से शटडाउन नहीं ले सकेंगे। इसके लिए अधिकारियों की जवाबदेही तय की गई है। उपकेंद्रों के एसएसओ को निर्देशित किया गया है कि फोन पर किसी भी तरह का शटडाउन हरगिज नहीं दिया जाएगा। वहीं, जिस फीडर का शटडाउन होगा उसके पैनल बॉक्स पर लाल रंग की शटडाउन की प्लेट लगाई जाएगी, ताकि ड्यूटी बदलने पर नए कर्मचारी को फीडर के शटडाउन की जानकारी रहे शटडाउन से संबंधित जानकारी अवर अभियंता के संज्ञान में भी होगी। पीपलगांव और करछना उपकेंद्र में हाल ही में गलत तरीके से शटडाउन लेकर मरम्मत किए जाने के दौरान कर्मचारी करंट से झुलस गए थे। पीपलगांव में करंट से झुलसने वाला कर्मचारी तो बच गया, लेकिन करछना में कर्मचारी की मौत हो गई थी। यह दोनों कर्मचारी विभाग से जुड़े हुए नहीं थे। मुख्य अभियंता विनोद गंगवार ने इन दुर्घटनाओं को लेकर अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और सभी अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी कर शटडाउन लेने की पूरी प्रक्रिया का कड़ाई से पालन करने को कहा। मुख्य अभियंता कार्यालय की ओर से जारी किए गए दिशा-निर्देश में फोन पर शटडाउन न देने की बात कही गई है। साथ ही कहा गया है। कि विद्युत व्यवस्था के सुचारु संचालन के लिए 11 हजार केवी की एलटी लाइन और 33 हजार केवी की हाईटेंशन लाइन को ठीक करने के लिए एजेंसियों की ओर से शटडाउन लेने व वापस करने की पूरी जानकारी अवर अभियंता के पास होनी चाहिए। इसके अलावा विभाग के सभी अधिशासी अभियंताओं से कहा गया है कि क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था के निर्धारित मानकों का पालन किया जाए। अगर किसी भी स्थिति में दुर्घटना होती है तो अधिशासी अभियंता ही इसके लिए जिम्मेदार होंगे।

## प्रयागराज जंक्शन पर जल्द मिलेगा 20रुपये वाला किफायती भोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** प्रयागराज जंक्शन पर यात्रियों को जल्द ही 20 रुपये वाला इकोनॉमी भोजन उपलब्ध होगा। अब तक यह सुविधा उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) के मथुरा जंक्शन समेत देश के 51 बड़े रेलवे स्टेशनों पर शुरू हुई है। अब प्रयागराज, कानपुर, अलीगढ़, ग्वालियर, झांसी, आगरा रेलवे स्टेशन पर यह भोजन जनरल कोच में सफर करने वाले यात्रियों को जल्द ही उपलब्ध होगा। दरअसल बीते दिनों अमर उजाला ने ही देश के सभी रेलवे स्टेशनों पर इकोनॉमी भोजन का दाम पांच रुपये बढ़ने की खबर प्रकाशित की थी। पहले इस भोजन का दाम 15 रुपये था, जिसे अब बोर्ड के आदेश के बाद 20 रुपये कर दिया गया है। इस बारे में रेलवे बोर्ड की और से पिछले माह 27 जून को जारी किए गए पत्र में ट्रेनों के जनरल कोचों के पास प्लेटफॉर्म




पर किफायती भोजन और किफायती पैकेज्ड पेयजल का प्रावधान करने को कहा गया था। इस आदेश में 20 रुपये में यात्रियों को इकोनॉमी भोजन, 50 रुपये में स्नैक्स/ कॉम्बो भोजन और तीन रुपये में किफायती पैकेज्ड पेयजल की सुविधा के लिए जनरल कोच के पास प्लेटफॉर्म पर स्टॉल लगाने को कहा गया। जनरल कोच में भोजन की आपूर्ति आईआरसीटीसी की रसोई इकाइयों (जलपान कक्ष आरआर और जन आहार जेए) से की जानी है। साथ ही इन काउंटरों का स्थान जोनल रेलवे की ओर से तय किया जाएगा ताकि इन काउंटरों को प्लेटफॉर्मों पर जनरल कोचों के स्थान के पास स्थापित किया जा सके। प्लेटफॉर्मों पर इस विस्तारित सेवा काउंटर का प्रावधान प्रायोगिक आधार पर छह माह के लिए किया गया है। एनसीआर के सीनियर पीआरओ डा. अमित मालवीय ने कहा, अन्य बड़े स्टेशनों में भी यात्रियों को इकोनॉमी भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

# प्रयागराज सम्पत्ति के बंटवारे को लेकर भाई से हुआ था विवाद, बीच में आने पर आरिफ ने मां-बहन को कुल्हाड़ी से,काट डाला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के करेली में बुधवार दोपहर सनसनीखेज वारदात हुई। आरिफ सिद्दीकी (30) ने अपनी मां अनीसा बेगम (68) और बहन आफरीन (40) को कुल्हाड़ी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। पिता कादिर (70) को भी चाकू से हमलाकर मरणासन्न कर दिया। इसके साथ ही भाई-भाभी व दो भतीजों को कमरे में बंद कर जिंदा फूंकने की कोशिश की। तीन घंटे की मशक्कत के बाद आरोपी को हिरासत में लिया जा सका। सदर तहसील में तैनात रहे कादिर सिद्दीकी सात साल पहले कानूनगो पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। करेली के गौसनगर में वह परिवार समेत रहते हैं। उनके दो बेटे व तीन बेटियों में सबसे छोटी बेटी की मौत हो चुकी है। परिवार में दो बेटे आजम, आरिफ व उनके परिवार के अलावा पत्नी अनीसा व एक बेटी आफरीन रहती थी। बड़े बेटे आजम ने बताया कि छोटा भाई आरिफ कोई काम नहीं करता है। आए दिन संपत्ति को लेकर विवाद करता रहता था। परिवार का मामला होने के कारण वह पुलिस तक नहीं गया। बताया कि बुधवार को बहन आफरीन के बच्चे स्कूल गए थे और वह सो रहा था। माता-पिता, पत्नी व बहन घर के काम में व्यस्त थे। दोपहर 12:30 बजे के करीब अचानक आरिफ कुल्हाड़ी व चाकू लेकर आया और उससे विवाद करने लगा पत्नी आई तो दोनों को मारने के लिए दौड़ा। शोरगुल सुनकर माता-पिता व बहन आ गई तो वह तीनों पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार करने लगा। तीनों लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। इसके बाद वह दोबारा उसकी ओर दौड़ा। उसने पत्नी व दो बच्चों समेत खुद को कमरे में बंद कर लिया। इस पर उन्हें जिंदा फूंकने के लिए आरिफ ने घर में आग लगा दी। उसने फोन से सूचना दी तो पुलिस व आसपास के लोग जुट गए। पुलिसकर्मियों (व स्थानीय लोगों ने घर में घुसने का प्रयास किया तो आरिफ ने तेजाब की बोतलें फेंकनी शुरू कर दी। इस दौरान गुरिल्ला युद्ध जैसी स्थिति बन गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड भी आ गई। आंसू गैस व मिर्ची मका इस्तेमाल कर तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस आरोपी को शाम चार बजे के करीब हिरासत में ले सकी। फिर जाकर भीतर फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। गंभीर हालत में तीनों घायलों को एसआरएन अस्पताल ले जाया गया, जहां अनीसा बेगम व आफरीन को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि, कादिर को गंभीर हालत में भर्ती कर लिया गया। हत्यारोपी आरिफ पर बुधवार को खून सवार था जायदाद के विवाद को निपटाने के लिए वह किसी भी हद तक जाने को तैयार था। पुलिस हिरासत में उसने खुद बताया कि उसका झगड़ा अपने भाई से था भाई व भाभी से बात कर रहा था तभी वे जोर-जोर से चिल्लाने लगे। इसी दौरान अम्मी अब्बू व बहन बीच में आ गए। इसके बाद जो हुआ, वह सबके सामने है। एसआरएन अस्पताल में आरिफ को एंबुलेंस से



लेकर करीब चार बजे करेली पुलिस पहुंची। उसके माथे पर बाईं ओर कटने का निशान था और पैर में चोट लगी थी। पुलिस उसे लेकर सीधे ट्रामा सेंटर में पहुंची और प्राथमिक उपचार कराया। इस दौरान जब उससे वारदात का कारण पूछा गया तो उसने कहा कि उसका झगड़ा भाई से था उसे एक-एक रुपये को मोहताज कर दिया गया वह ट्यूशन पढ़ाकर अपना खर्च चलाता था। भाई के कहने पर पिता उसकी कोई मदद नहीं करते थे इसीलिए वह घर का बंटवारा चाहता था जब भी वह इस बारे में बात करता तो भाई उसे उल्टा- सीधा कहने लगता था। बुधवार को भी वह भाई से ही बात कर रहा था तभी भाई की पत्नी उससे झगड़ा करने लगी। गुस्से में उसने कुल्हाड़ी उठाई तो बीच में अम्मी अब्बू व बहन आ गई। कोतवाली पुलिस प्राथमिक उपचार के बाद उसे वापस करेली थाने ले गई। जहां भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एसआरएन अस्पताल में हत्यारोपी आरिफ को ट्रामा सेंटर में रिसेप्शन काउंटर के सामने स्थित सीट पर ही उसे बैठाया गया था। पुलिसकर्मी उसे चारों ओर से घेरे हुए थे। इसी दौरान उसकी बहन निकहत जहां और मीत हो गई। यह सुनकर आरिफ ने पूछा कि स्ट्रेचर पर पड़ी महिला कौन है। पुलिसकर्मियों ने उसे बताया कि यह उसकी बहन निकहत है। वह काफी देर तक भावशून्य होकर बहन के शव की ओर देखता रहा। लेकिन चेहरे कोई शिकन न थी। इमरजेंसी कक्ष में का शव लाया गया। ईएमओ कक्ष के सामने ही स्ट्रेचर पर उसका शव पड़ा था। वहां मौजूद लोगों में चर्चा होने लगी कि करेली घटना में एक ही उसके घायल पिता का इलाज चल रहा था। उनके माथे, दोनों हाथ व गर्दन में जख्म थे और खून भी बह रहा था। वह कराह रहे थे। इमरजेंसी कक्ष में ही आरिफ को को मरहम पट्टी के लिए ले जाया गया। उसकी पिता पर नजर पड़ी, अगले पल ही उसने नजरें फेर ली। आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी व दो चाकू बरामद हुए हैं। भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। रमित शर्मा, पुलिस आयुक्त भाई के मुताबिक, आरिफ माता-पिता की संपत्ति अपने नाम कराना चाहता था। इसे लेकर पिछले काफी दिनों से वह घरवालों से विवाद कर रहा था। दो दिन पहले भी उसका भाभी से झगड़ा हुआ था, जिसमें माता-पिता ने उसे फटकार भी लगाई थी। एसआरएन अस्पताल में आरोपी ने कहा कि वह घर का बंटवारा चाहता था, लेकिन उसकी बात नहीं मानी जा रही थी यह भी कहा कि मां-बाप व बहन से उसका कोई विवाद नहीं था, वह जबरन बीच में आ गए।

## ऋषि चैरिटेबल ट्रस्ट ने बच्चों को कापी किताब बांटे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा।** ऋषि चैरिटेबल ट्रस्ट की पाठशाला में 2 घंटे रोजाना निशुल्क शिक्षा लेने वाले सभी बच्चों को ऋषि



चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से कॉपी किताब वितरण की गई।। हमारी संस्था बच्चों की पढ़ाई सामग्री जो भी चीजों की जरूरत बच्चों को होती है। हम सारी चीजें उपलब्ध कराते हैं ताकि इन बच्चों का शिक्षा में पढ़ने का मन और जोश भरा रहे। हमारी संस्था ने इस साल बच्चों को बेसिक शिक्षा देकर स्कूल में कुछ बच्चों को स्कूल दाखिला कराया। ताकि यह बच्चे आगे चलकर अपने भविष्य में कुछ अच्छा कर सकें। पढ़ लिख कर अपने मां-बाप का नाम रोशन कर सकें। आगे भी बच्चों के लिए कुछ खास नया लाने की कोशिश कर रही हैं। जितनी भी हमसे मदद होती है हम इन बच्चों की मदद करने के लिए हमेशा खड़े रहते हैं। उपस्थित, भारती नेगी संस्थापक, अध्यक्ष, जशस्वी , रीना वैद्य, विनीता चौधरी, कविता , आदि लोग उपस्थित रहे।

## नारायण की कृपा सत्कर्मी पर होती है विवेक कृष्ण भारद्वाज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** क्षेत्र के रिगवां मोड़ स्थित शिवम गेस्ट हाउस में चल ही श्रीमद्भागवत कथा के समापन दिवस पर वृंदावन धाम से पधारे कथावाचक विवेक कृष्ण भारद्वाज ने कलयुग की पराकाष्ठा को चित्रित करते हुए कहा कि संतो की कृपा



से ही मानव समाज का कल्याण होगा। युवा व्यापार मंडल बारा की ओर से आयोजित कथा में श्रीकृष्ण जी की लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि सभी हिन्दू धर्मशास्त्र गृहस्थ आश्रम में रहते हुए नारायण के चिंतन मनन करने की सीख देता है। कार्यक्रम में राधा कृष्ण के द्वारा होली की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई। कथा के उपरांत दिव्य महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया। कथावाचक महाराज के द्वारा गेस्ट हाउस में वृक्षारोपण किया गया। मुख्य यजमान अबीर चन्द्र जायसवाल व सावित्री जायसवाल ने हवन कर समापन किया। कथा में मुख्य रूप से सुरेश मिश्र (प्रबंधक), अमित केसरवानी शासकीय अधिवक्ता, महेश प्रसाद त्रिपाठी, पन्नालाल जायसवाल, नीरज केसरवानी, आशीष केशरी, उर्मिला जायसवाल, सविता जायसवाल, माया जायसवाल, अंजली जायसवाल, निष्ठा केसरवानी, कनकलता केसरवानी, अनीता जायसवाल, सावित्री शर्मा, रूपा शर्मा, कंचन शर्मा, रेखा केसरवानी, सरला केसरवानी, रामकन्या केसरवानी, खुशबू केसरवानी, सुमन्त भार्गव, राहुल जायसवाल, विकास यादव, अनुज द्विवेदी, अंकित सहित सैकड़ों महिला श्रोता उपस्थित रहीं। संचालक हरिकेश शर्मा में सभी का आभार व्यक्त किया।



# एनटीपीसी सिंगरौली कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु प्रतिबद्ध

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शक्तिनगर ।** एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में सीएसआर के तहत आयोजित एसी रिपेयरिंग एवं अंग्रेजी दक्षता प्रशिक्षण के सर्टिफिकेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, श्री राजीव अकोटकर, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी सिंगरौली, कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती पीयूषा अकोटकर, अध्यक्षा, वनिता समाज एवं अन्य सभी अतिथिगण द्वारा सभी लाभार्थियों को सर्टिफिकेट, टूल किट, अध्ययन किट आदि का वितरण किया गया। भारत सरकार के कुशल भारत कौशल भारत के दिशानिर्देश अनुसार, एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा सीएसआर के तहत गत वर्षों में आसपास के ग्रामीण युवाओं हेतु कौशल विकास प्रशिक्षण के अंतर्गत सेना प्रशिक्षण, जेसीबी प्रशिक्षण, फिटर, इलेक्ट्रीशियन, कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि जैसे विभिन्न प्रशिक्षण प्रदान किए गए। इसी क्रम में एनटीपीसी सिंगरौली में सीएसआर के तहत एसी रिपेयरिंग प्रशिक्षण और अंग्रेजी दक्षता स्पोकन-कौशल प्रशिक्षण भी ग्रामीण जनों हेतु प्रदान किए गए। इस एसी रिपेयरिंग प्रशिक्षण के तहत आस-पास के 31 ग्रामीण युवाओं को दो माह में एसी की रिपेयरिंग, सर्विसिंग, सेटिंग, भरने, गैस पाइप की वेल्डिंग से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को अपनी आजीविका कमाने में सक्षम बनाकर आत्मनिर्भर बनाना था। अंग्रेजी दक्षता पाठ्यक्रम प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत डॉ. अंबेडकर स्कूल के कक्षा-6-8वीं के 55 विद्यार्थियों को उनके व्यक्तित्व विकास को बढ़ाने हेतु अंग्रेजी व्याकरण, पढ़ने के बुनियादी ज्ञान आदि के बारे में प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के परियोजना प्रमुख श्री राजीव अकोटकर ने कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन हेतु सीएसआर विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के मिशन को हासिल करने के लिए युवाओं को कुशल बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देना बहुत जरूरी है। हमे विश्वास है कि एनटीपीसी सिंगरौली हमेशा की तरह भविष्य में भी ग्रामीण युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। एसी रिपेयरिंग एवं अंग्रेजी दक्षता प्रशिक्षण कार्यक्रम के लाभार्थियों द्वारा भी सीएसआर के तहत एनटीपीसी सिंगरौली में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आभार व्यक्त किया गया। अवसर पर श्रीमती सौम्या कर, (टाइनी टॉट्स प्रभारी), डॉ. ओम प्रकाश, वरिष्ठ प्रबंधक (एचआर), श्री कुमार आदर्श (कार्यपालक सीएसआर), श्री हीरा लाल, ग्राम प्रधान (चिल्काडांड), यूनियन के सदस्य, डॉ. अंबेडकर स्कूल के प्रिंसिपल और शिक्षक, एनटीपीसी सिंगरौली के वरिष्ठ अधिकारी आदि उपस्थित रहें।






# क्षेत्रीय दरोगा की टाल-मटोल से बाईक स्वामी परेशान, नही हुई कार्यवाही

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डाला/सोनभद्र।** - चोपन थाना अंतर्गत परासपानी मे आईटीआई कालेज के कैंपस से हुई मोटरसाइकिंल चोरी का मामला अब सुर्खियों में। क्षेत्रो में सनसनी फैली हुई है कि कब क्या होगा और प्रशासन मौन धारण किये हुए है। चोपन थाना के परासपानी में डाला के बॉडी निवासी बाला जी पुत्र बिजली प्रसाद 6 जुलाई को प्रेक्टीकल का परीक्षा देने के लिए परासपानी स्थित शम्भूनाथ आईएआई कालेज में हमेशा की भांति लगभग 9 बजे सुबह पहुंचा। जहां उसके साथ अन्य विद्यार्थियों का भी परीक्षा होना था। कालेज कैंप्स के अंदर बाइक खड़ी कर सभी लोग क्लास रूम में चले गए। जब लगभग 2 बजे दोपहर में लांच के लिए छुट्टी हुई तो मोटरसाइकिंल न देख हैरान हो गया। इस बाबत गेट पर बैठे चौकीदार से पूछ ताछ की तो गार्ड ने मुझे नही पता है कहते हुए टाल दीया। इस बात को आवेदक द्वारा विद्यालय के जिम्मेदार को बताया जहां जिम्मेदारों द्वारा चोपन थानाध्यक्ष का नम्बर देते हुए प्रथम रिपोर्ट की बात कही। आवेदक सम्बन्धित थाने का चक्कर काट कर परेशान हो चुका है। चोपन थानाध्यक्ष के माध्यम से बिट इंचार्ज त्रिभुवन राय को अवगत कराते हुए निर्देशित किया गया। परन्तु त्रिभुवन राय द्वारा बार-बार जांच के लिए आने को कह कर टाल मटोल किया जा रहा है। सावन की ड्यूटी लगने के कारण राय जी बाहर थे। परन्तु फिर भी अस्वाशन देने के बाद साफ -साफ आवेदक को न बताना आवेदक के लिए चिंता का घर बनता जा रहा है। आवेदक पुलिस अधिक्षक को पत्रक भेज कर न्याय की गुहार लगाई है। जिससे जल्द जांच कर कार्यवाही हो सके।

# प्रयागराजः खुदाई के दौरान सोने व चांदी के सिक्कों से भरा घड़ा मिलने से मचा हड़कंप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** जिले के यमुनानगर के बारा में जमीन की खुदाई करने के दौरान सोने व चांदी के सिक्कों से भरा हुआ घड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। सिक्कों को ठेकेदार व मजदूरों ने आपस में बांट लिए। जिसकी पुलिस से शिकायत की गई है। जमीन के मालिक ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। मामला बारा थाना क्षेत्र के पूरेखगन गांव का है। मिली जानकारी के अनुसार बारा थाना क्षेत्र के पूरेखगन गांव निवासी अशर्फीलाल पटेल ने सहायक पुलिस आयुक्त कौंधियारा से लिखित शिकायत की थी। उनकी निजी आराजी में गांव के ही रहने वाले अमित पटेल एक ठेकेदार के साथ मिलकर सात जुलाई को जबरिया खनन करना प्रारंभ किया। उन्होंने विरोध किया, लेकिन वह लोग नहीं माने और उसी जमीन खुदाई के दौरान उनकी जमीन से सोने व चांदी के सिक्कों से भरा हुआ एक घड़ा मिला। जिसमें लगभग 12 किलो के आसपास सोने व चांदी के सिक्के थे। खुदाई करने वाले ठेकेदार सुरेश पटेल और वहां मौजूद अन्य मजदूरों ने भी खुदाई के दौरान घड़े में निकले सोने व चांदी के सिक्कों का आपस में बांट लिया। अशर्फीलाल ने बताया कि जब उन्होंने पुलिस को सूचना देने के लिए कहा तो अमित पटेल ने लगभग 140 चांदी के सिक्के, जो कि सन 1830 से लेकर सन 1840 के हैं जिस पर रानी विक्टोरिया की फोटो भी बनी हुई है। इन सिक्कों को अशर्फीलाल को दे दिया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जब वह शिकायत करने घूरपुर पुलिस के पास गया तो पुलिस ने उसके पास मौजूद सिक्कों को जब्त कर लिया। वहीं शेष अन्य लोगों के पास मौजूद सोने व चांदी के सिक्कों को ना ही पुलिस ने जब्त किया। ना ही इसकी सूचना पुरातत्व विभाग को दी। जबकि सोने में चांदी के सिक्कों से भरा हुआ घड़ा मिलने की सूचना पूरे क्षेत्र में लोगों की जुबान पर है। ये मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। इस पूरे मामले में एसीपी कौंधियारा राजीव यादव ने कहा कि जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।



# ग्राम पंचायत सदस्यों ने प्रधान पर फर्जी भुगतान लेने का लगाया आरोप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** विकास खंड लक्ष्मणपुर की डीह मेहंदी ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत के कुछ सदस्यों ने प्रधान पर बिना काम करवाए ही फर्जी भुगतान प्राप्त करने का आरोप लगाया है। इस ग्राम की पंचायत सदस्य यासमीन,अहमद हुसैन,शमा कौसर अंसारी अंसारी, शमा कौसर अंसारी,अजय ,अनवर आदि ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि 29 चक मार्ग एवं15 नाली जिसमें आज तक कार्य नहीं हुआ।वे वीरान पड़े हैं।मनरेगा के कामों में फर्जी तरीके से नदी ,नाले की तरफ कागज में दिखा दिया गया है कि मजदूरों ने काम किया और उसका पूरा भुगतान प्रधान ने प्राप्त कर लिया है। इस तरह बिना काम करवाए ही अवैध रूप से ग्राम पंचायत के धन का दुरुपयोग किया जा रहा है और शासन की मंशा पर पानी फेरा जा रहा है।ग्राम पंचायत सदस्यों ने जिलाधिकारी से त्वरित कार्यवाही करने की माँग की है।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण परिवार संगठन ने युवक की हत्या पर जताया शोक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अमेठी।**जनपद में 18 जुलाई को ककवा क्रॉसिंग पर 20 वर्षीय युवक भरत शुक्ल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनके पैतृक निवास दया राम के पुरवा,शाहगढ़,अमेठी में अखिल भारतीय ब्राह्मण परिवार संगठन द्वारा शोकांजलि दी गई ।उनके परिजनों को इस दुःख की घड़ी में ढाँढस बँधाया और पीड़ित परिवारजनों को आश्वासन दिया कि संगठन परिवार को यथा संभव मदद करेगा। इस मौके पर राष्ट्रीय संयोजक रमाकांत मिश्र मधुबनी और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित राजकुमार तिवारी,राष्ट्रीय विधिक सलाहकार अधिवक्ता आलोक मिश्र,राष्ट्रीय सचिव पंडित विवेक तिवारी,प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित प्रभाकर उपाध्याय,पंडित वेद प्रकाश ओझा, प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित शिवम तिवारी ,पंडित प्रमोद उपाध्याय,पंडित राजीव उपाध्याय इत्यादि विप्र बंधु सम्मिलित हुए।



# वेतन न मिलने की बात पूछने पर सविंदाकर्मी को हटाया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चोपन/सोनभद्र।** विद्युत उपकेंद्र चोपन में सविंदाकर्मी अपने साथी सविंदाकर्मी की समस्या को लेकर एकजुट हुए और सांकेतिक हड़ताल पर चले गए। साथी कर्मचारी चंद्र प्रकाश मौर्य जो कि चोपन में सविंदाकर्मी के रूप में कार्यरत है। जिनका पिछले 2 महीनों से वेतन नहीं मिला। जिससे उनके परिवार में आर्थिक पहाड़ टूट पड़ा। किसी तरह सविंदाकर्मी के रूप में कार्य कर वो अपना और अपने परिवार सहित 2 बच्चों का पेट पालते है। बताते चले कि चन्द्र प्रकाश मौर्य गिर्द पावर सिस्टम कंपनी के अंदर में सविंदाकर्मी के रूप में बतौर चोपन उप केंद्र में कर्मचारी के तौर पर कार्यरत है। जो बहुत ही मेहनती है दिन हो या रात किसी भी समय बिजली की समस्या के निदान के लिए तैयार रहते है। मिली जानकारी के अनुसार चन्द्र प्रकाश मौर्य का पिछले 2 महीने का वेतन ठेकेदार की तरफ से नहीं मिला। बकौल सविंदाकर्मी इस विषय में जब ठेकेदार से पूछा गया तो वो संबंधित उपकेंद्र के जेई से बात करने की बात कहकर कनि काट लिए। जब जेई से बात की गई तो जेई ने नौकरी से निकालने की बात कही और कार्य पर न आने को कहा। बिना 2 माह का वेतन दिए और बिना पूर्व सूचना के किसी कर्मचारी को कैसे निकाला जा सकता है ये बड़ा सवाल है या फिर संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से ऐसा फैसला लिया गया। जैसे ही साथी बिजली कर्मचारी को निकालने की जानकारी हुई तो बात आग की तरह फैल गई। सभी सविंदाकर्मी सांकेतिक हड़ताल पर चले गए। जिससे पूरा बिजली महकमा हिल गया। क्योंकि बिजली दुरुस्त करने के लिए कोई उच्च अधिकारी पोल पर नहीं चढ़ता। बिजली दुरुस्त तो सविंदाकर्मी ही करते है। उमस भरी गर्मी में हर एक घण्टे चोपन उपकेंद्र क्षेत्र में बिजली की समस्या होती रहती है। ऐसे में अगर संविदाकर्मियों की कार्य बहिष्कार लंबी चलती है तो विद्युत व्यवस्था पूरे क्षेत्र में चरमरा जाएगी। वही संबंधित अधिकारी व ठेकेदार एक दूसरे पर ठीकरा फोड़ रहे। ठेकेदार से बात करने पर उन्होंने कहा कि, सब को पेमेंट हो गया है। उसमें चोपन के एक सविंदाकर्मी का पेमेंट रूक गया है। क्योंकि विभाग की तरफ से अग्रीमेंट कम का हो गया है। किसी को निकाला नहीं गया है। जैसे ही अप्रूवल हो जाएगा सबका पेमेंट चला जाएगा। जब तक हमे अप्रूवल होकर मिलेगा नहीं तब तक हम पेमेंट देने में असमर्थ है। ठेकेदार ने ये भी कहा इस बात की जानकारी पहले से जेई और एसडीओ को है और उनका ही काम है अटेंडेंस बनाने का। विद्युत एमडी ऑफिस वाराणसी पर अप्रूवल पहुँचते ही रुका हुआ पेमेंट आ जायेगा। पूरे मामले पर जेई का कहना है कि ठेकेदार के अंदर 500 से ऊपर कर्मचारी है जिसमे लगभग 37 लोगों का वेतन नहीं आया। फ़ाइल अप्रूवल के लिए गया है उम्मीद है एक हफ्ते के बाद वेतन आ जायेगा। वही सविंदाकर्मियों का कहना है कि, पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर हम कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा। हमारे साथी कर्मचारी चन्द्र प्रकाश मौर्य को बिना किसी कारण के बीते दो माह का वेतन नही दिया गया। इसके बाद भी संबंधित कर्मचारी को कार्य मुक्त किये जाने की बात कहि जा रही है। जबकी कार्य के दौरान साथी कर्मचारी ने पूरी इमानदारी से कार्य किया है। हमारे साथी कर्मचारी को तत्काल किये गए कार्य का भुगतान करने के साथ कार्य पर नही रखा जाता है तो हम कार्य बहिष्कार के साथ आने वाले दिनों में सभी कर्मचारी आमरण अंशन पर बैठने के लिए वाध्य है। जिसकी पूरी जिम्मेदारी विभागीय व संबंधित ठेकेदार की होगी।



सीधे प्रवेश
नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
15% Fee Concession
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
पहले आओ पहले पाओ
15% Fee Concession



- कम्प्यूटर हार्डवेयर
- डाटा इंट्री ऑपरेटर
- फायर सेफ्टी
- कम्प्यूटर ऑपरेटर (कोपा)
- कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग
- इलेक्ट्रीशिन
- सीएनसी प्रोग्रामिंग
- इलेक्ट्रिक मैकेनिक
- बेसिक कम्प्यूटिंग
- सीसीए
- वेल्डर
- फिटर
- रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
- सिक्योरिटी सर्विस

Apply Online: www.nainiiti.com
प्रवेश हेल्पलाइन नं.:
8081180306,9415608710,8103021873

एमटेक कैम्पस, 'बी' ब्लाक, ए.डी.ए. कालोनी (पुलिस चौकी के पीछे), नैनी, प्रयागराज।
C-41 औद्योगिक थाने के पीछे औद्योगिक क्षेत्र UPSIDC नैनी, प्रयागराज।

# एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तेश्वर महादेव मंदिर में भजन संध्या का आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर के आवासीय परिसर में स्थित शक्तेश्वर महादेव मंदिर में मंदिर संचालन समिति द्वारा भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस भजन संध्या में गायक श्री दीपक वर्मा सहित श्री सक्षम उपाध्याय (तबला वादक) एवं श्री दिलीप कुमार (ढोलक वादक) द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राजीव अकोटकर, परियोजना प्रमुख सिंगरौली ने भजन गायक श्री दीपक वर्मा का स्वागत एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री अशोक सिंह, महाप्रबंधक (प्रचालन), मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष एवं श्री प्रबोध कुमार, महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन) , श्री मोहित कपूर (कमेटी उपाध्यक्ष), श्री सूर्यकांत साहू, श्री जेपी कुशवाहा, (सचिव), श्री एस के सिंह, संयुक्त सचिव, श्री संजीव कुमार, कार्यसमिति सदस्य श्री प्रभुनाथ, श्री अमरेश पांडेय, श्री सीएस जोशी, श्री विजय दुबे, श्री राम प्रकाश मिश्रा, श्री अखिलेश पांडेय आदि अनेक भक्त श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा भजन संध्या का भरपूर आनंद लिया।



# नीव मजबूत रहेगी तभी इमारत अच्छी बनेगी-रामदुलार सिंह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**म्योरपुर।** नीव मजबूत रहेगी तभी इमारत अच्छी बनेगी, ऐसे में बेसिक शिक्षा विभाग के अध्यापक नीव मजबूत करने में लगे, जिससे बच्चे अच्छे बन सके।उक्त बातें दुद्धी विधायक रामदुलार सिंह गोंड़ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा डीबीटी के माध्यम से बेसिक शिक्षा विभाग में अध्ययनरत बच्चों को ड्रेस, जूता, मोजा एवं अन्य सामग्रियों के लिए पैसा भेजे जाने के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बुधवार को बिड़ला विद्या मंदिर इंटरमीडिएट कॉलेज में कही।उन्होंने कहा कि अध्यापक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है।कहा कि अध्यापक द्वारा पढ़ाया गया बच्चा यदि किसी अच्छे पद पर पहुंच जाता है, तो अध्यापक का भी नाम रोशन होता है।ऐसे में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना हर अध्यापक का कर्तव्य है।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग में अध्ययनरत बच्चों को सरकार द्वारा तमाम तरह की सुविधाएं दी जा रही हैं।ऐसे में वह सुविधाएं सीधा बच्चों तक पहुंचे इसके लिए सरकार हर स्तर से प्रयास कर रही है।उन्होंने अध्यापकों से गुणवत्तायुक्त अध्ययन पर जोर दिया।खंड शिक्षा अधिकारी विश्वजीत ने समय से विद्यालय पहुंचने और कार्य करने पर जोर देते हुए कहा कि अध्यापक हर हाल में विद्यालय पहुंचे।कार्यक्रम के दौरान विनोद पांडे, रजनीश श्रीवास्तव, राकेश सिंह, महेंद्र पाठक, जमींदार कुमार, महेंद्र सिंह, ब्रह्मदेव तिवारी, ज्ञानदास, बबई सिंह मरकाम, आरिफ समेत बड़ी संख्या में अध्यापक मौजूद रहे।



# राष्ट्रीय व्यापार मेला बेस्ट आफ इंडिया एक्सपो का उद्घाटन चेयरमैन के द्वारा फीता काटकर किया उद्घाटन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुद्धी ।** दुद्धी सोनभद्र रामलीला खेल मैदान दुद्धी पर राष्ट्रीय व्यापार मेला बेस्ट ऑफ इंडिया एक्सपो का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश मोहन द्वारा फीता काटकर किया गया, तत्पश्चात भगवान गणेश का पूजन अर्चन विधि विधान से किया गया त् मेला आयोजन प्रबंधक अभिनव तिवारी व अजय उपाध्याय नें नगर पंचायत अध्यक्ष को बुकें साल भेंट सहित भाजपा कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया त् तदुपरांत नगर पंचायत चेयरमैन दुद्धी कमलेश मोहन ने विहंगम सावन के मेले में लगे दुकानों का अवलोकन किया त् मेले में महिलाओं एवं पुरुषों, बच्चों के लिए रेशमी, सूती जींस, चटाई पर्दे सहित विभिन्न प्रकार के कपड़े, सौंदर्य प्रसाधन का सामान, आयुर्वेद की जड़ी बूटी,अचार, जूते चप्पल, खिलौने,छोटे झूले आदि विभिन्न प्रकार के दुकानों से सजी मेला का अवलोकन उपरांत शुभकामनाएं नगर अध्यक्ष द्वारा ज्ञापित की गई त् साथ में भारतीय जनता पार्टी जिला मंत्री दिलीप कुमार पांडेय एडवोकेट, डीसीएफ डायरेक्टर संजू तिवारी, भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ संयोजक जितेन्द्र कुमार चन्द्रवंशी,मंडल महामंत्री मनीष जायसवाल,राजेश जायसवाल,प्रेम नारायण सिंह,सभासद निरंजन कुमार, धीरज जायसवाल, आमेश कुमार अग्रहरी, शाहिद अहमद, सभासद प्रतिनिधि आनंद कुमार अग्रहरि, मोहित अग्रहरी, अंका भारती, अन्नू शाह, सोनू खान आदि लोग मौके पर मौजूद रहे।



# गंगा के जलस्तर में हो रही वृद्धि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जिलाधिकारी ने किया दौड़ा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर ।** गंगा के जलस्तर में वृद्धि होने से गंगा तट पर बसे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गया है । यह बताते चलें कि सन् 1978 में जब बाढ़ आई थी तो कई गांव ले डूबे थे उस समय गांव के लोग पलायन कर गए थे। 9 सितंबार 1978 में ओझला पुल से जब जलस्तर की माप की गई तो 80.34 मीटर रहा । जो कि अब तक का सबसे उच्चतम जल स्तर रहा । इसके बाद 9 सितंबार 2022 को 78.110 मीटर रहा जो उच्चतम स्तर के रिकॉर्ड को तोड़ने में नाकाम रहा । वर्तमान समय में गंगा के जलस्तर में 5.75 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है इस समय गंगा का जलस्तर 69.17 मीटर है । जिलाधिकारी मिर्जापुर दिव्या मित्तल से जब हमारी अनुपम न्यूज़ की टीम ने बात की तो उन्होंने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौड़ा की हूं और आवश्यक सामग्रियों को पहुंचाने के लिए दिशा निर्देश भी दिए गए हैं । जिससे कोई भी नागरिक बाढ़ में यदि फस जाए तो उसे किसी भी प्रकार की समास्या उत्पन्न हो । जिलाधिकारी मिर्जापुर दिव्या मित्तल ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कोन ब्लॉक के कई गांवों का दौरा भी किया ।

# चोपन के एंटी रोमियो टीम द्वारा लड़कियों पर फब्तियां कसने वाले मनचले को किया गया गिरफ्तार



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डाला सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन पर जिले में एन्टीरोमियो के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सलई बनवा रेलवे स्टेशन के पास से आने जाने वाली लड़कियो के साथ फब्तियां कसने वाले मनचले के विरूद्ध थाना चोपन पर पंजीकृत मु0अ0स0-130/ 23 धारा 294 भादवि में संलिप्त आरोपी अभियुक्त सोनू भारती पुत्र सरजू प्रसाद निवासी गजराज नगर काशी आवास थाना ओबरा उम्र करीब 19 वर्ष को बुधवार सुबह लगभग सवा नौ बजे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया इस दौरान टीम में चोपन थानाध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह, उ0 नि0 त्रिभुवन राय, म0 का0 वन्दना यादव, म0 का0 जोहरा बेगम शामिल रहीं।

# सरडीहा में युवक ने लगाई फांसी, मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुद्धी।** कोतवाली क्षेत्र के के सरडीहा गांव में एक 22 वर्षीय युवक अनिल कुमार यादव पुत्र लालबिहारी यादव ने बुधवार की तड़के सुबह महुआ के पेड़ से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। घटना स्थल की दूरी मृतक के घर से 300 मीटर दूर थी। मृतक बीते शाम से ही घर से निकला था जो पूरी रात नही आया । सुबह जब घरवालों ने खोजबीन शुरू की तो पास के महुआ के पेड़ से नायलोन के रस्सी के सहारे शव लटकता देख अचंभित रह गए। मृतक की शादी दो वर्ष पहले क्षेत्र के लाम्बी गांव में हुई थी। जिससे 1 पुत्र भी है । इधर कुछ दिनों से उसकी पत्नी मायके गई थी जो जानकारी होते ही अपने ससुराल पहुँची । घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है परिजन दहाड़े मार कर रो रहे है ,सूचना पर पहुँची कोतवाली पुलिस ने आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुट गई है।



# बाइक एवं स्कूटी में टक्कर में एक युवती हुई घायल। युवक की पहचान के बावजूद भी नहीं हुई कोई कार्रवाइ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** पूरा मामला जनपद सोनभद्र के रावट्र्सगंज कोतवाली अंतर्गत हिन्दूआरी पुलिस चौकी क्षेत्र के हिनौता गेट के पास वाराणसी शक्तिनगर मार्ग का है जहां 18 जुलाई 2023 की दोपहर लगभग 4 बजे एक युवक ने एक स्कूटी सवार युवती को जोरदार टक्कर मार दिया। इस टक्कर में स्कूटी के परखच्चे उड़ गए। वहीं स्कूटी सवार युवती को गंभीर चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में घायल युवती को उठाया और बाइक सवार को दर दबोचा। वहीं स्थानीय लोगों ने ही निजी साधन घायल युवती को जन सेवा मसीह हास्पिटल बहुअरा बंगला ले गए जहां घायल युवती का उपचार हुआ। वहीं स्थानीय लोगों ने ही टक्कर मारने वाले युवक को उसी अस्पताल तक ले गए लेकिन ज्यों ही सब लोग घायल युवती के उपचार कराने में व्यस्त हुए उसी का मौका देखकर युवक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। लेकिन गलिमत यही रही कि तब तक स्थानीय पत्रकारों के द्वारा व मौके पर उपस्थित लोगों के द्वारा उस युवक की गाड़ी और उसका फोटो ले चुके थे। हालांकि घायल युवती के द्वारा हिन्दुआरी पुलिस चौकी में लिखित तहरीर दी है लेकिन आरोपी युवक और गाड़ी नंबर होने के बावजूद भी अभी तक गुनहगार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। आपको बताते चलें कि रिंकी यादव उम्र लगभग 25 वर्ष पिता- बैजनाथ यादव ग्राम -नेवारी पोस्ट ,घोरावल जिला सोनभद्र कैस फार माइक्रो फाइनेंस कंपनी शाखा मधुपुर में केंद्र प्रबंधक के पोस्ट पर कार्यरत हैं और ओ मीटिंग करने बहुअरा जा रही थी लेकिन इसी दौरान राजकुमार पुत्र स्व राधेश्याम (ग्राम घुआस, पिंपरी रावट्र्सगंज सोनभद्र) अपने उल्टी दिशा से (बहुअरा की तरफ से) आ रहा था और इसी दौरान वो सीधे जाकर स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दिया। अब देखना यह है कि क्या शासन प्रशासन के द्वारा घायल युवती को न्याय दिलाया जाता है ? क्या मामले की जांच कर दोषी पर कोई कार्रवाई होती है या नहीं।



# केबीपीजी कॉलेज मे इतिहास दिवस मनाया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** भारतीय इतिहास संकलन समिति काशी प्रान्त के तत्वाधान मे आयोजित इतिहास संकलन समिति मीरजापुर के द्वारा बुधवार को नगर के केबीपीजी कॉलेज मे इतिहास दिवस मनाया गया। वक्ताओं ने इतिहास के क्षेत्र मे मीरजापुर का योगदान विषय पर इतिहासकारों ने अपने महत्त्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किये। साथ ही विद्यार्थियों में इतिहास के प्रति चेतना जागृत करने एवं उनमें इतिहास के प्रति उत्सुकता वृद्धि करने की दिशा मे विद्वानों ने अपने विचार व्यक्त किये। जिला इकाई के उपाध्यक्ष डॉ धर्मजीत सिंह ने इतिहास की महत्वता से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। भारतीय इतिहास संकलन समिति काशी प्रांत के उपाध्यक्ष एवं केबीपीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो अशोक कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को इतिहास के सुनियोजित अध्ययन पर बल दिया। जिससे वे अपने संस्कृति को जाने पहचाने। अंत में समिति के कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने आगामी 23 जुलाई को प्रस्तावित प्रयागराज की बैठक में सम्मलित होने पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मीरजापुर के अध्यक्ष प्रो इंदु भूषण द्विवेदी व संचालन डॉ मुकेश उपाध्याय ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ धर्मजीत सिंह ने किया।इस अवसर पर डॉ ऋषभ कुमार, डॉ राम सिंह वर्मा ,डॉ राजेश पाल, डॉ ऋचा शुक्ला, डॉ सुभास सिंह, डॉ किरण आदि मौजूद रहे।

# हर घर में अब आवाज उठेगी,बेटियां भी अब आगे बढेंगी- सुधांशु शेखर शर्मा

## कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन, बांटे गए उपहार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** दिनांक 20-7-2023 को जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देश के क्रम में जिला प्रोवेशन अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा के उपस्थिति में रावर्टसगंज ब्लाक के उरमौरा ग्राम के ऑगनवाडी केन्द्र पर बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजनान्तर्गत कन्या जन्म उत्सव कार्यक्रम का किया गया आयोजन जिसमे आस पास के केन्द्रो से उपस्थित कुल ग्यारह नवजात बालिकाओं के माताओ को बालिकाओं के लिए उपहार स्वरूप बेबी कीट, देकर कन्या जन्म उत्सव घूम धाम से मनाया गया जन्मोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को बेटा-बेटी में किसी भी प्रकार का भेदभाव न करने की शपथ दिलाते हुए सुधांशु शेखर शर्मा ने पुरानी मान्यताओं को दर किनार करते हुए बालिकाओं के जन्म पर भी खुशी मनाने की बात कही। उनके अनुसार कन्या भ्रूणहत्या व दहेज जैसी कुरीतियों पर अंकुश लगाने के लिए महिलाओं को आगे आना होगा और अच्छी परंपराओं की शुरुआत अपने घर से ही करनी होगी। उनके अनुसार बेटियों पर देश का भविष्य टिका है और बेटियां ही देश का गौरव होती हैं, जो दो कुलों को संवारती है और पढ़-लिखकर परिवार का नाम रोशन करती हैं, इसलिए उनके साथ किसी भी स्तर पर भेद भाव नहीं किया जाना चाहिए। इन्द्रावती कुमारी केस वर्कर द्वारा बताया गया कि आज बेटियां हर क्षेत्र में कामयाबी की ऊंचाइयों को छू रहीं हैं। साथ हीं यह भी कहा की बेटी नहीं है किसी से कम,मिटा दो अपने सारे भ्रम और महिला कल्याण अधिकारी नीतू यति सिंह जिला समन्वयक सीमा द्विवेदी द्वारा मौकेपर उपस्थित महिलाओं को विभाग द्वारा चलाये जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी कार्यक्रम का संचालन संरक्षण अधिकारी गायत्री दुबे द्वारा किया गया मौकेपर जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक, सामाजिक कार्यकर्ता आकांक्षा उपाध्याय, ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे रागिनी सक्सेना मण्डलीय रिसोर्स पर्सन यूनिसेफ, सुशीला देवी मुख्य सेविका, समिम अख्तर पीरामल फाउन्डेशन, आदि उपस्थित रहेसोनभद्र रावटसगंज जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देश के क्रम में जिला प्रोवेशन अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा के उपस्थिति में रावर्टसगंज ब्लाक के उरमौरा ग्राम के ऑगनवाडी केन्द्र पर बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजनान्तर्गत कन्या जन्म उत्सव कार्यक्रम का किया गया आयोजन जिसमे आस पास के केन्द्रो से उपस्थित कुल ग्यारह नवजात बालिकाओं के माताओ को बालिकाओं के लिए उपहार स्वरूप बेबी कीट, देकर कन्या जन्म उत्सव घूम धाम से मनाया गया जन्मोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को बेटा-बेटी में किसी भी प्रकार का भेदभाव न करने की शपथ दिलाते हुए सुधांशु शेखर शर्मा ने पुरानी मान्यताओं को दर किनार करते हुए बालिकाओं के जन्म पर भी खुशी मनाने की बात कही। उनके अनुसार कन्या भ्रूणहत्या व दहेज जैसी कुरीतियों पर अंकुश लगाने के लिए महिलाओं को आगे आना होगा और अच्छी परंपराओं की शुरुआत अपने घर से ही करनी होगी। उनके अनुसार बेटियों पर देश का भविष्य टिका है और बेटियां ही देश का गौरव होती हैं, जो दो कुलों को संवारती है और पढ़-लिखकर परिवार का नाम रोशन करती हैं, इसलिए उनके साथ किसी भी स्तर पर दोगला व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए। इन्द्रावती कुमारी केस वर्कर द्वारा बताया गया कि आज बेटियां हर क्षेत्र में कामयाबी की ऊंचाइयों को छू रहीं हैं। साथ हीं यह भी कहा की बेटी नहीं है किसी से कम,मिटा दो अपने सारे भ्रम और महिला कल्याण अधिकारी नीतू यति सिंह जिला समन्वयक सीमा द्विवेदी द्वारा मौकेपर उपस्थित महिलाओं को विभाग द्वारा चलाये जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी कार्यक्रम का संचालन संरक्षण अधिकारी गायत्री दुबे द्वारा किया गया मौकेपर जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक, सामाजिक कार्यकर्ता आकांक्षा उपाध्याय, ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे रागिनी सक्सेना मण्डलीय रिसोर्स पर्सन यूनिसेफ, सुशीला देवी मुख्य सेविका, समिम अख्तर पीरामल फाउन्डेशन, आदि उपस्थित रहे।



# गोवा चैलेंजर्स ने यू मुंबा को हराया, अरुणा ने रोबल्स के खिलाफ क्लैश ऑफ जाएंट्स मुकाबला में हासिल की जीत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष टेबल टेनिस खिलाड़ी हरमीत देसाई और रीथ रिशिया टी के शानदार प्रदर्शन के दम पर गोवा चैलेंजर्स ने यू मुंबा टीटी को



9-6 से हराया। महालुंगे-बालेवाड़ी स्थित शिव छत्रपति स्पोर्ट्स में जारी इंडियन ऑयल अल्टीमेट टेबल टेनिस सीजन 4 में बुधवार को गोवा को मिली शानदार जीत के साथ ही यू मुंबा का अजेय क्रम समाप्त हो गया। चेन्नई में जन्मी रीथ ने लिली झांग को 2-1 (6-11, 11-6, 11-9) से हराया। वहीं हरमीत ने मानव ठक्कर को 2-1 (10-11, 11-7, 11-8) से हराकर गोवा फ्रेंचाइजी की उल्लेखनीय जीत पूरी की। टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीटीएफआई) के तत्वावधान में नीरज बजाज और वीटा दानी द्वारा प्रमोटेड 2017 में शुरू की गई इस फ्रेंचाइजी-बेस्ड लीग ने अपनी स्थापना के बाद से ही भारतीय टेबल टेनिस के लिए गेम-चेंजर का काम किया है। रीथ को हालांकि लिली के खिलाफ पहले गेम में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन दूसरे गेम में उन्होंने जल्द ही अपने पैर जमा लिए। बाद में मैच में वापसी करने के लिए रीथ ने सटीक बैकहैंड के साथ अपनी तेज मूवमेंट का इस्तेमाल किया। तीसरे गेम में दोनों पैडलर्स के बीच रोमांचक जंग देखने को मिली। हालांकि, अंत में रीथ ने इसे जीतकर अपनी टीम के लिए टाई जीत ली। हरमीत को मानव के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। हरमीत ने मैच की धमाकेदार शुरुआत की और गेम प्वाइंट के जरिए पहला गेम अपने नाम कर लिया।हरमीत ने दूसरे गेम में वापसी की और फिर अगला गेम जीतकर अपनी फ्रेंचाइजी को काफी अच्छी स्थिति में पहुंचा दिया। इस लीग के सीजन-4 में सबसे बड़े रैंक वाले खिलाड़ी कादरी अरुणा ने मुकाबले के पहले टाई में शानदार प्रदर्शन किया और अल्वारो रोबल्स को 2-1 से हराकर दो टीम प्वाइंट हासिल किए। उन्होंने अपने जबरदस्त फोरहैंड का इस्तेमाल करते हुए पहला गेम 11-6 से जीत लिया। विश्व चैंपियनशिप के पूर्व रजत पदक विजेता अल्वारो ने कादरी को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने नाइजीरियाई पैडलर के फोरहैंड शॉट्स को रिटर्न करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और जल्द ही मैच गोल्डन प्वाइंट पर पहुंच गया, जहां कादरी ने अपने अनुभव के दम पर इसे जीत लिया। रोबल्स ने तीसरे गेम में शानदार वापसी की और इसे 11-8 से जीत लिया। शुरुआती गेम हालांकि 11-7 से सुथासिनी के पक्ष में गया। दूसरे गेम में, मुंबई की इस पैडलर ने बढ़त बना ली, लेकिन सुथासिनी ने जोरदार फोरहैंड और सटीक रिटर्न के साथ शानदार वापसी की और गेम को 11-9 से अपने नाम कर लिया। इसके बाद हरमीत और सुथासिनी ने मिश्रित युगल मैच में मानव ठक्कर और लिली झांग को 2-1 से हराकर गोवा को पहली बार मुकाबले में 5-4 से बढ़त दिला दी। मानव और लिली ने तीसरा गेम 11-7 से जीतकर हालांकि अंतर को कम किया। यूटीटी सीजन 4 के सभी मुकाबलों का शाम 7.30 बजे स्पोर्ट्स 18 पर सीधा प्रसारण किया जा रहा है। साथ ही जिओसिनेमा पर इसकी लाइव स्ट्रीमिंग भी हो रही है। इसके टिकट बुकमायशो पर उपलब्ध हैं।

# प्रणय, राजावत दूसरे दौर में, पहले दौर में ही हारकर सिंधु और श्रीकांत हुए बाहर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** फार्म में चल रहे एचएस प्रणय ने यहां शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को कोरिया ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया, लेकिन पीवी सिंधु और





किदांबी श्रीकांत की खराब फार्म जारी रहा और दोनों पहले दौर में ही बाहर हो गए। पांचवें वरीय प्रणय ने बेल्जियम के जूलियन कारागी पर 21-13, 21-17 से जीत दर्ज की। एलीट शीर्ष 10 में एकमात्र भारतीय सिंगल्स खिलाड़ी प्रणय का सामना अब ली युन ग्यू और ली चेयूक यिऊ के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा। दुनिया की 22वें नंबर की खिलाड़ी चीनी ताइपे की पेई यू-पो के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। एलीट शीर्ष 10 में एकमात्र भारतीय सिंगल्स खिलाड़ी प्रणय का सामना अब ली युन ग्यू और ली चेयूक यिऊ के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा। वह पहले दौर में दुनिया की 22वें नंबर की खिलाड़ी चीनी ताइपे की पेई यू-पो के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में 18-21, 21-10, 13-21 की हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। इस हफ्ते विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर खिसकने वाली सिंधु यह मुकाबला 58 मिनट में हार गईं। वहीं, श्रीकांत दूसरे गेम में एक मैच प्वाइंट गंवाने के साथ मुकाबला भी हार गए। उन्हें जापान के पूर्व नंबर एक केंटो मोमोटा ने 21-12, 22-24, 17-21 से हराया। यह दो बार के विश्व चैंपियन के विरुद्ध श्रीकांत की लगातार 12वीं और कुल 15वीं हार थी। प्रियांशु राजावत हासिल की जीत भारत के प्रियांशु राजावत हालांकि दूसरे दौर में पहुंच गए। उन्होंने स्थानीय खिलाड़ी चोइ जि हून को पुरुष एकल वर्ग में सीधे गेम में हराया। दुनिया के 32वें नंबर के खिलाड़ी ओरलियंस मास्टर्स विजेता राजावत ने चोइ को 42 मिनट में 21-15, 21-19 से हराया। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त जापान के कोडाइ नराओका से होगा।

# विदेशी धरती पर शतक के लिए तरस रहे किंग कोहली, 2018 के बाद से बल्ले से नहीं निकली है एक भी सेंचुरी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** विराट कोहली का बल्ला साल 2023 में अब तक जमकर गरजा है। कोहली के बल्ले से तीनों ही फॉर्मेट में रन निकल रहे हैं। इस साल टेस्ट में अब तक विराट टेस्ट में एक, तो वनडे में दो शतक भी जमा चुके हैं। हालांकि, आपको जानकर शायद हैरानी होगी कि क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट में विराट को विदेशी धरती पर एक शतक लगाए लगभग पांच साल हो चुके हैं। सही सुना है आपने, 2018 के बाद से टेस्ट में पूर्व भारतीय कप्तान घर के बाहर एक भी सेंचुरी नहीं लगा सके हैं। विराट कोहली के बल्ले से टेस्ट क्रिकेट में विदेशी सरजमीं पर आखिरी सेंचुरी साल 2018 में निकली थी। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया की धरती पर पर्थ के मैदान पर लास्ट सैकड़ा जमाया था। इस बात को पांच साल बीत चुके हैं। विराट शतक के करीब तो कई दफा पहुंचे हैं, लेकिन आखिरी मौके पर वह चूक जाते हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ भी पहले टेस्ट में कोहली बेहतरीन लय में दिख रहे थे और लग रहा था कि वह इस सूखे को खत्म करने में सफल भी हो जाएंगे। हालांकि, ऐसा हो नहीं सका और वह 76 रन बनाने के बाद पवेलियन लौट गए।विराट कोहली वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में अपने इंटरनेशनल करियर का 500वां मैच खेलने मैदान पर उतरेंगे। कोहली यह मुकाम हासिल करने वाले महज चौथे भारतीय खिलाड़ी होंगे। विराट



से पहले सचिन तेंदुलकर, एमएस धोनी और राहुल द्रविड़ ही इस मुकाम तक पहुंच सके हैं। इसके साथ ही ओवरऑल कोहली यह उपलब्धि हासिल करने वाले दुनिया के 9वें खिलाड़ी बनेंग दरअसल, इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में अभी विराट कोहली छठे नंबर पर हैं। कोहली के बल्ले से अब तक खेले 499 मैचों में कुल 25,461 रन निकले हैं।

# ऐसे बने कोहली 'द रन मशीन'; आंकड़ों के हिसाब से क्रिकेट करियर पर एक नजर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (ड्ढ्रू ख्द्यप्त्) गुरुवार को दो टेस्ट मैच की सीरीज के आखिरी टेस्ट में वेस्टइंडीज के खिलाफ मैदान पर उतरते ही इतिहास रच देंगे। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना 500वां मैच खेलेंगे (ड्ढ्रू ख्द्यप्त् 500ए्र घ्ीर्ईूदर्हेत् ईूम्प्)। 2008 में डेब्यू करने वाले विराट कोहली आज भारतीय टीम की रीढ़ की हड्डी बन चुके हैं। विराट (ड्ढ्रू ख्द्यप्त्र्'ाम्दि्) ने भारत के लिए 110 टेस्ट मैच खेल हैं, जिसमें उन्होंने 48.88 की औसत से 8,555 रन बनाए हैं। उन्होंने अपने टेस्ट करियर में 28 शतक और 29 अर्धशतक जड़े हैं। उनकी टेस्ट की सर्वोच्च पारी 254 नाबाद है। वह टेस्ट क्रिकेट में पांचवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं। विराट ने कुल 7 दोहरे शतक लगाए हैं। जो किसी भी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सबसे ज्यादा है। सबसे ज्यादा दोहरे शतक ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज डॉन ब्रैडमैन ने लगाए हैं, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 12 शतक लगाए हैं। टेस्ट कप्तान के रूप में विराट कोहली ने बड़ी सफलता हासिल की है। उन्होंने 68 टेस्ट मैचों में भारत का नेतृत्व किया है। इनमें से विराट ने 40 जीते हैं, केवल 17 हारे और 11 ड्रा



रहे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज जीतने वाले पहले भारतीय कप्तान हैं। 274 वनडे मैचों में विराट कोहली ने 57.32 की औसत से 12,898 रन बनाए हैं। उन्होंने 46 शतक और 65 अर्धशतक लगाए हैं। वह वनडे क्रिकेट में भारत के दूसरे सबसे

कुल मिलाकर, वह वनडे क्रिकेट में पांचवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। विराट इतिहास में सबसे तेज 8000 रन (175 पारी), 9000(194 पारी), 10,000 रन (205 पारी), 11,000 रन (222 पारी) और 12,000 रन (242पारी) बनाने वाले वनडे खिलाड़ी हैं। अनुभवी बल्लेबाज ने ऊ2ध्घ् प्रारूप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 115 मैच में 52.73 की औसत से 4,0008 रन बनाए हैं। कोहली ने टी20 में एक शतक और 37 अर्धशकत जड़े हैं। विराट ने 499 अंतरराष्ट्रीय मैचों की 558 पारियों में 53.48 की औसत से 25,461 रन बनाए हैं। उन्होंने 75 शतक और 131 अर्धशतक जड़े हैं। वह क्रिकेट इतिहास के छठे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उनके नाम दूसरे सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड है। 2000 के बाद किसी भी बल्लेबाज ने उतनी तेजी से रन नहीं बनाए हैं, जितनी तेजी से विराट कोहली ने रन बनाए हैं। इसलिए क्रिकेट फैंस उन्हें रन मशीन कोहली कहके बुलाते हैं।

# एक संन्यासी की तरह है विराट कोहली का जीवनठ, रन-मशीन के 500वें टेस्ट पर आकाश चोपड़ा का बड़ा बयान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** विराट कोहली गुरुवार को त्रिनिदाद में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दौरान अपने करियर का 500वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेंगे। सबसे



ज्यादा रन बनाने वालों की लिस्ट में छठे और अंतरराष्ट्रीय शतकों में केवल सचिन तेंदुलकर से पीछे कोहली 500 मैच खेलने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी होंगे जिओसिनेमा स्पेशलिस्ट आकाश चोपड़ा ने कोहली के 500 मैच खेलने की उपलब्धि की सराहना की और क्रिकेट का ब्रांड एंबेसडर करार दिया। आकाश ने कहा कि विराट कोहली का क्रिकेट के प्रति समर्पण बहुत साफ है और असल में उन्हें परिभाषित करता है। जिस तरह से उन्होंने अपना जीवन एक सन्यासी की तरह जिया है, जहां बात सिर्फ क्रिकेट तक ही सीमित रही है। यही कारण है कि वह आज इस मुकाम पर हैं और इस खूबसूरत खेल के ब्रांड एंबेसडर हैं। उन्होंने भारतीय क्रिकेट और सामान्य तौर पर क्रिकेट के लिए जो किया है, उसके लिए हम सभी आभारी हैं। इसके अलावा जिओ सिनेमा के स्पेशलिस्ट प्रज्ञान ओझा ने भी कोहली की तारीफ की और इसे 'एक और उपलब्धि' वाला पल बताया। प्रज्ञान ने कहा कि यह एक बहुत ही विशेष उपलब्धि है। बहुत कम लोग ही यह उपलब्धि हासिल कर पाते हैं। मुझे उम्मीद है कि यह उनके लिए प्रेरणा का काम करेगा और वह देश के लिए अच्छी पारियां खेलते रहेंगे और अपनी अच्छी फॉर्म जारी रखेंगे।

# अहमदाबाद में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की खबरों का गुजरात सरकार ने किया खंडन, कहा- केंद्र के पास अधिकार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** गुजरात सरकार के अधिकारियों ने बुधवार को स्पष्ट किया कि अहमदाबाद में 2026 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के



लिए राज्य द्वारा अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। राज्य सरकार ने कहा कि 2036 ओलंपिक के लिए मेजबानी अधिकार हासिल करने पर उनका ध्यान है। ऑस्ट्रेलिया के अचानक आयोजन करने से मना करने पर अहमदाबाद में आयोजन की रिपोर्ट्स आई थीं। गुजराती जागरण से बात करते हुए खेल एवं युवा सांस्कृतिक गतिविधि विभाग के प्रधान सचिव अश्विनी कुमार ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन का फैसला केंद्र सरकार लेती है। गुजरात इसका आयोजन करेगा या नहीं इसका फैसला केंद्र सरकार करेगी। फिलहाल ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई है। अभी तक कोई बैठक या विचार-विमर्श नहीं हुआ है। इस संबंध में अंतिम निर्णय केंद्र सरकार लेगी वहीं, पीटीआई से बात करते हुए राज्य के खेल, युवा और सांस्कृतिक गतिविधि विभाग में उप सचिव (खेल) यू ए पटेल ने कहा, ठअभी हमारा ध्यान 2036 ओलंपिक के लिए मेजबानी अधिकार हासिल करने पर है। अभी तक, 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए बोली लगाने के बारे में हमारी ओर से कोई निर्णय नहीं लिया गया है बता दें कि कॉमनवेल्थ फेडरेशन ने 2026 गेम्स की मेजबानी के लिए ऑस्ट्रेलिया सरकार को सौंपी थी। मंगलवार को विक्टोरिया सरकार ने बजट बढ़ने की वजह से इसकी मेजबानी से इनकार कर दिया था। इसके बाद खबरें आई थी कि अहमदाबाद इसकी मेजबानी कर सकता है, लेकिन गुजरात सरकार ने इन खबरों का खंडन किया है। गुजराती जागरण से बात करते हुए खेल एवं युवा सांस्कृतिक गतिविधि विभाग के प्रधान सचिव अश्विनी कुमार ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन का फैसला केंद्र सरकार लेती है। गुजरात इसका आयोजन करेगा या नहीं इसका फैसला केंद्र सरकार करेगी। फिलहाल ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई है। ऑस्ट्रेलिया के अचानक आयोजन करने से मना करने पर अहमदाबाद में आयोजन की रिपोर्ट्स आई थीं।



# राशिफल



**मेष-:**आज आप अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कोई नई योजना बना सकते हैं। घरेलू समस्याओं को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने में आप सफल रहेंगे। इस राशि के जो लोग नौकरी में हैं।

**वृष-:**आज व्यापार की दृष्टि से शुभ समय है। सब कुछ अपनी सामान्य गति से काम करेगा. नौकरीपेशा जातकों के लिए नए अवसर प्राप्त करने का उत्तम समय है।

**मिथुन-:**ऑफिस में काम धीमी गति से पूरे होंगे। इससे आपकी परेशानी थोड़ी बढ़ सकती है. भाई-बहन से किसी बात को लेकर मनमुटाव की स्थिति बन सकती है।

**कर्क-:**इससे आप अपनी व्यवसाय संबंधी समस्याओं को सुलझाने में पहल और अधिक रुचि ले सकेंगे। साझेदारी आपके लिए कुछ बेहतरीन प्रोत्साहन ला सकती है।

**सिंह-:**थोड़ी सी मेहनत से आप अपने लक्ष्यों को आसानी से हासिल कर सकते हैं। नए जोड़ों के जीवन में खुशियां बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्य की दृष्टि से आज का दिन बेहतर है।

**कन्या-:** व्यवसायी अपने व्यावसायिक कौशल और निर्णय लेने की क्षमता के कारण उपलब्ध अवसरों का अधिकतम लाभ उठाएं। आपके लिए आर्थिक लाभ कमाने के अप्रत्याशित रास्ते भी खुलने की संभावना है।

**तुला-:** घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आपको अचानक धन लाभ के अवसर मिलेंगे। आपको भाग्य का पूरा सहयोग मिलेगा। घर के बुजुर्ग आपके काम से प्रभावित होंगे।

**वृश्चिक-:**आपके विरोधी निष्क्रिय रहेंगे और महत्वपूर्ण अधिकारियों से आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको अपने सभी प्रयासों में सफलता मिलेगी और आपकी कुछ महत्वाकांक्षाएं पूरी होंगी।

**धनु-:**किसी काम में आपको सकारात्मक नतीजे मिलेंगे, जिससे आप खुशी महसूस करेंगे। आज कुछ पुराने दोस्तों से मुलाकात होने की भी संभावना है।

**मकर-:**आज का दिन आपके लिए परेशानी भरा हो सकता है। नौकरीपेशा जातकों के लिए यह समय कठिन हो सकता है। व्यावसायिक दृष्टि से चीजें यथावत रहेंगी।

**कुंभ-:**आज आपको किसी खास काम में किसी अनुभवी व्यक्ति से मदद मिल सकती है। आप परिवार के साथ कोई मूवी देखने का प्लान बना सकते हैं।

**मीन-:**आज का दिन उत्तम है। जो लोग परीक्षा या प्रतियोगिता के माध्यम से नौकरी की तलाश में हैं या अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं उन्हें निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए।






# दूसरे टेस्ट के पहले दिन हो सकती है झमाझम बारिश, जानिए बाकी दिन के मौसम का मिजाज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर चुकी भारतीय टीम दूसरे टेस्ट मुकाबले में वेस्टइंडीज



से पोर्ट ऑफ स्पेन में भिड़ेगी। पहले टेस्ट में टीम इंडिया की पिक्चर सुपरहिट रही थी। बल्लेबाजी में यशस्वी जायसवाल और कप्तान रोहित शर्मा ने शतकीय पारी खेली थी, तो गेंदबाजी में रविचंद्रन अश्विन का जादू सिर चढ़कर बोला था भारत और वेस्टइंडीज (ंघ् ुे छ्ञ) के बीच सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच पोर्ट ऑफ स्पेन के क्वींस पार्क ओवल मैदान पर खेला जाना है। त्रिनिदाद में मौजूद इस ग्राउंड पर टेस्ट के पहले ही दिन झमाझम बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, टेस्ट के पहले दिन सुबह से ही बारिश होने के काफी ज्यादा चांस हैं, जिसके चलते मैच देरी से शुरू हो सकता है। हालांकि, मौसम विभाग के मुताबिक, टेस्ट के बाकी चार दिन बारिश होने की संभावना काफी कम है। यानी पहले दिन के बाद बल्ले और गेंद के बीच में रोमांचक जंग देखने में कोई खलल पड़ने की उम्मीद नहीं है। रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ने पहले टेस्ट को सिर्फ तीन दिन में खत्म कर दिया था। ऐसे में टीम इसी फॉर्म को दूसरे टेस्ट में भी जारी रखना चाहेगी क्वींस पार्क ओवल की पिच पर बल्लेबाजों का बोलबाला रहता है। त्रिनिदाद में मौजूद इस स्टेडियम में अच्छे खासे रन बनते हैं। हालांकि, पिछले कुछ सालों में पिच से स्पिन गेंदबाजों को भी मदद मिलती दिखी है, जो भारतीय टीम के लिए काफी शुभ संकेत हैं। त्रिनिदाद के इस ग्राउंड पर अब तक क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट में कुल 61 मैच खेले गए हैं। इस दौरान 20 मैचों में जीत पहले बैटिंग करने वाली टीम के हाथ लगी है, तो 18 मैचों में बाजी गेंदबाजी करने वाली टीम ने मारी है। फर्स्ट इनिंग में इस मैदान पर एवरेज स्कोर 302 का रहा है, जबकि दूसरी इनिंग में औसतन स्कोर 314 रन है। यह आंकड़े बताने के लिए काफी हैं कि इस मैच में बल्लेबाजी की मौज हो सकती है। तीसरी इनिंग में औसत स्कोर 262 रहता है। हालांकि, आखिरी पारी में बल्लेबाजों को थोड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## सम्पादकीय

# पाकिस्तान में बंदूकों के साये में बौद्ध और संगीनों के साथ महिलाएं

इस हफ्ते बौद्धों का एक प्रतिनिधिमंडल जब पाकिस्तान आया, तो थाईलैंड से आए एक अतिथि अपनी तस्वीरों को लेकर चिंतित दिखे, जिसमें सुरक्षा गार्ड उनके पीछे बंदूकें लेकर खड़े थे। लेकिन यदि वह पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र गांधार तक जाएंगे, तो वह देखेंगे कि वहां महिलाएं भी सुरक्षा के लिए अपने साथ बंदूकें रखती हैं। मैं पाकिस्तान के अंदर और बाहर कई धर्मों के लोगों को जानती हूं, लेकिन दुख की बात है कि मैं किसी बौद्ध को नहीं जानती। ऐसा नहीं है कि मैं भगवान बुद्ध के महान व्यक्तित्व से परिचित नहीं हूं, जिन्हें दुनिया भर में ज्ञान, दया, धैर्य और करुणा की शिक्षाओं के लिए जाना जाता है और सम्मान दिया जाता है। मुझे अब भी याद है कि हमारे बड़े होने के दौरान मेरे घर में 'लाफिंग बुद्धा' की एक छोटी-सी मूर्ति थी, जिसे मेरे बाबा ने लिविंग रूम में रखा था। मेरे एक चचेरे भाई को भी प्राचीन वस्तुओं से बहुत लगाव था, उसके घर में साधनारत बुद्ध की मूर्ति थी। पंजाब के लाहौर संग्रहालय में भी बुद्ध की कुछ अत्यंत दुर्लभ मूर्तियां रखी हुई हैं। मुझे याद है कि बहुत पहले जब मैं खैबर पख्तूनख्वा के स्वात में पारिवारिक यात्रा पर गई थी, तो एक छोटी-सी पहाड़ी पर चढ़ी थी। वहां सड़क के किनारे भगवान बुद्ध की गोद में हाथ रखे हुए एक विशाल प्राचीन मूर्ति थी। मैं फोटो खिंचवाने की खातिर उनकी गोद में बैठने के लिए ऊपर चढ़ी थी। यह उस व्यक्ति के लिए वाकई बहुत चुनौतीपूर्ण रहा होगा, जिसने सदियों पहले पहाड़ी के बीच में इतनी विशाल मूर्ति बनाने में कामयाबी हासिल की थी। अफसोस कि यह वही क्षेत्र है, जहां एक समय पाकिस्तान तालिबान ने कब्जा कर लिया था। यह देखना अजीब था कि जहां भगवान बुद्ध ने शांति और सहिष्णुता की शिक्षा दी थी, उसी इलाके पर आतंकवादियों का नियंत्रण था। लेकिन शुक्र है कि उन्होंने इन मूर्तियों को नष्ट नहीं किया। दुख की बात यह है कि पाकिस्तान में बौद्धों की संख्या बहुत कम है। युवा पाकिस्तानियों की पीढ़ी अन्य धर्मों के लोगों से तो मिलती है, लेकिन शायद ही कभी किसी बौद्ध से मिलती है। पाठ्य-पुस्तकों में भी उनके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, इसलिए अब सरकार एक ऐसे धर्म के बारे में जागरूकता लाने की कोशिश कर रही है, जो शांति और ज्ञान पर आधारित है। पाकिस्तान का मीडिया नियमित रूप से दलाई लामा और भारत तथा चीन के बीच तनाव की खबरें प्रकाशित करता है, जो राजनीतिक होती हैं और जिनमें धर्म के लिए कोई जगह नहीं होती। मुझे याद है कि एक बार मैं थाईलैंड के एक विश्वविद्यालय में भगवान बुद्ध के वीडियो और तस्वीरें लेकर गई थी। जिस कमरे में मैं ये वीडियो और तस्वीरें दिखा रही थी, वहां बड़ी संख्या में बौद्ध मौजूद थे। मुझे सुखद आश्चर्य हुआ, जब उन बौद्धों ने भगवान बुद्ध की छवि देख हाथ जोड़कर प्रणाम करना शुरू कर दिया। विभाजन के बाद विभिन्न कारणों से अल्पसंख्यकों ने धीरे-धीरे पाकिस्तान छोड़ दिया और आज सरकारी आंकड़ों के अनुसार, बाउरी बौद्ध 16,000 से अधिक हैं, जो ज्यादातर सिंध और पंजाब प्रांत में रहते हैं। पाकिस्तान में हिंदुओं और सिखों के कई पवित्र स्थल हैं, क्योंकि इन दोनों धर्मों के बहुत से लोग अब भी पाकिस्तान में रहते हैं। इसके अलावा समय-समय पर विदेशों से बड़ी संख्या में हिंदू और सिख अपने पवित्र स्थलों पर धार्मिक समारोहों में हिस्सा लेने के लिए यहां आते रहते हैं। हाल ही में करतारपुर कॉरिडोर के जरिये भारत और दुनिया भर के सिख यहां के पवित्र गुरुद्वारे में आशीर्वाद लेने आए थे। इतिहास बताता है कि बौद्ध धर्म तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में गांधार पहुंच गया था। गांधार एक प्राचीन हिंदू साम्राज्य था, जो आज पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम और अफगानिस्तान के उत्तर पूर्व में स्थित है। आज पाकिस्तान में तक्षशिला की यात्रा को हिंदुओं और बौद्धों के लिए धार्मिक और ऐतिहासिक तीर्थ माना जाता है। साल भर आप पर्यटकों को देखेंगे, हालांकि ज्यादातर बौद्ध तक्षशिला के मोहरा मोराडू में कुषाणों द्वारा निर्मित एक प्राचीन स्तूप और मठ, जौलियन बौद्ध मठ, दो सिरों वाले ईगल स्तूप, धर्मराजिला और ध्यानस्थ बुद्ध को देखने के लिए आते हैं। कुछ साल पहले खैबर पख्तूनख्वा के भामला स्तूप में सोते हुए बुद्ध की 1,700 साल पुरानी सबसे आकर्षक मूर्ति खोजी गई थी। समय-समय पर ऐसी खबरें आती रहती हैं कि कुछ बौद्ध मूर्तियों को विदेशों में तस्करी करके ले जाया गया है और कई बार कुछ देशों ने इन मूर्तियों को वापस पाकिस्तान को लौटा दिया है, जिन्हें संग्रहालयों में रख दिया गया है।

# द्विपक्षीय संबंध को नया आयाम देने आज आएंगे श्रीलंका के राष्ट्रपति, 27 घंटे की यात्रा; चीन पर भी चर्चा

बीते वर्ष विषम आर्थिक व राजनीतिक स्थिति के बीच श्रीलंका के राष्ट्रपति बने रानिल विक्रमसिंघे गुरुवार को भारत पहुंचेंगे। राष्ट्रपति के रूप में पहली बार भारत की यात्रा कर रहे रानिल विक्रमसिंघे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को नया आयाम देने के उद्देश्य से आ रहे हैं। बीते वर्ष विषम आर्थिक व राजनीतिक स्थिति के बीच श्रीलंका के राष्ट्रपति बने रानिल विक्रमसिंघे गुरुवार को भारत पहुंचेंगे। राष्ट्रपति के रूप में पहली बार भारत की यात्रा कर रहे रानिल विक्रमसिंघे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को नया आयाम देने के उद्देश्य से आ रहे हैं। आर्थिक संकट के समय भारत ने अपने इस द्वीपीय पड़ोसी की आगे बढ़कर सहायता की है। आर्थिक संकट के समय भारत ने अपने इस द्वीपीय पड़ोसी की आगे बढ़कर सहायता की है। विक्रमसिंघे 20-21 जुलाई को भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। भारत के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आमंत्रण पर श्रीलंकाई राष्ट्रपति विक्रमसिंघे भारत आ रहे हैं। इस दौरे में वह पीएम मोदी के साथ दोनों देशों के साझा हितों पर चर्चा करेंगे। वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भी भेंट करेंगे। श्रीलंका के राष्ट्रपति का भारत के अन्य गणमान्यों से मुलाकात का भी कार्यक्रम है। लंबे समय तक श्रीलंका के प्रधानमंत्री पद की जिम्मेदारी संभाल चुके रानिल विक्रमसिंघे भारत के साथ संबंधों को विशेष महत्व देते हैं। राष्ट्रपति की इस यात्रा में श्रीलंका का ध्यान भारत से निवेश आकर्षित करने पर भी हो सकता है। रानिल विक्रमसिंघे यानी श्रीलंका की राजनीति का सबसे अनुभवी चेहरा। कई बार कैबिनेट मंत्री, पांच बार प्रधानमंत्री, दो बार नेता विपक्ष और वर्तमान में राष्ट्रपति। यह परिचय उनकी प्रशासनिक व राजनीतिक दक्षता को पुख्ता करता है। 24 मार्च 1949 को जन्मे रानिल पहली बार राष्ट्रपति के तौर पर भारत आ रहे हैं, पर परंपरा तोड़कर। उनके पहले



श्रीलंका के राष्ट्रपति पदभार ग्रहण करने के कुछ ही समय में भारत की यात्रा करते रहे हैं। रानिल राष्ट्रपति बनने के करीब एक वर्ष बाद आ रहे हैं। रानिल के राजनीतिक दल यूनाईटेड नेशनल पार्टी की पश्चिम के साथ रिश्ते मजबूत करने में विशेष रुचि रही है। रानिल 2002 में अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज डब्ल्यू बुश से मिले और तब यह किसी श्रीलंकाई पीएम की अमेरिकी राष्ट्रपति से 18 वर्ष के बाद हुई भेंट थी। रानिल भारत के साथ भी मधुर व सशक्त वाणिज्यिक संबंध के पक्षधर हैं। हालांकि उन्होंने एक बार कहा था कि अपनी समुद्री सीमा में आने पर श्रीलंका के पास भारतीय मछुआरों पर गोली चलाने का अधिकार होगा। कानून की पढ़ाई करने के बाद राजनीति की तरफ बढ़े रानिल का जन्म श्रीलंका के एक प्रतिष्ठित और राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले परिवार में हुआ। उनके सहपाठियों में तत्कालीन श्रीलंकाई पीएम एस. भंडारनायके के पुत्र अनुरा और ख्यात समाजवादी नेता फिलिप गुणावर्धने के बेटे दिनेश रहे। श्रीलंका में सबसे कम उम्र में कैबिनेट मंत्री बने रानिल की वर्ष 2002 में लिट्टे के साथ समझौता कराने में भी अहम भूमिका रही। इसमें उन्होंने नार्वे की सहायता ली थी। वर्ष 1987 में भारत-श्रीलंका के बीच समझौते से लेकर 2002 में तत्कालीन पीएम अटल बिहारी वाजपेयी से भेंट तक भारत के साथ विक्रमसिंघे का विदेश नीति में अनुभव समृद्ध है। रानिल विक्रमसिंघे की ताजा भारत यात्रा दोनों देशों के संबंधों को नए परिदृश्य में नया आयाम देने को लेकर है। भारत के विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने इस यात्रा की पृष्ठभूमि तैयार करने के लिए इस माह के आरंभ में श्रीलंका का दौरा किया था। आइए समझें क्या हैं अहम मुद्देः बीते कुछ वर्षों में श्रीलंका की विदेश नीति में चीन का अहम स्थान रहा है। रानिल की सरकार में ही चीन को अति महत्वपूर्ण हंबनटोटा बंदरगाह 99 वर्ष की लीज पर दिया गया। भारत के लिए फिलहाल यही सबसे अहम मुद्दा है। अक्टूबर में रानिल चीन भी जाएंगे। बीते वर्ष आर्थिक संकट के समय भारत ने श्रीलंका का चार बिलियन डालर की मदद दी है। साथ ही आइएमएफ से बात करने के अलावा जापान सहित अपने अन्य मित्र देशों के साथ श्रीलंका का संपर्क भी कराया है, लेकिन एक सच यह भी है कि श्रीलंका पर चीन का सबसे अधिक कर्ज है।हंबनटोटा के अलावा कोलंबो बंदरगाह के पास 1.4 अरब डालर की भूमि सुधार योजना श्रीलंका में चीन के बढ़ते प्रभाव को लेकर भारत की नई चिंता है। चीन के साथ नजदीकियों के बीच विक्रमसिंघे का हालिया बयान काबिलेगौर है जिसमें वह कह चुके हैं कि हिंद प्रशांत क्षेत्र में यह भारत का समय है। एक और अहम मुद्दा श्रीलंका के तमिल समुदाय का है। रानिल विक्रमसिंघे के भारत आने से ठीक पहले श्रीलंका के तमिल राजनीतिक दलों के संगठन टीएनए और प्रबुद्धजन ने पीएम नरेन्द्र मोदी को पत्र लिख मामला सुलझाने में मदद मांगी है। रानिल ने गत मंगलवार ही श्रीलंका के संविधान में बहुप्रतीक्षित 13वें संशोधन पर नया प्रस्ताव दिया है जिसे तमिल राजनीतिक दलों ने अस्वीकार कर दिया। यह संशोधन तमिल प्रभुत्व वाले प्रांतों सहित सभी नौ प्रांतों को अधिक स्वायत्तता के लिए है।

# पाठ्यपुस्तकों के अनुवाद में वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दों के साथ न हो गैरजरूरी छेड़छाड़

इंजीनियरिंग, मेडिकल सहित दूसरे सभी कोर्सों की पढ़ाई भारतीय भाषाओं में कराने की पहल तो तेज हुई है, लेकिन इसकी जो अध्ययन सामग्री तैयार की जा रही है, वह अंग्रेजी में मौजूदा सामग्री से अनुवाद करके ही तैयार की जा रही है। यूजीसी ने अनुवाद से जुड़ी जरूरी सावधानियों को लेकर एक गाइडलाइन भी जारी की है। जिसमें यह कहा है कि अनुवाद की प्रक्रिया के दौरान किसी वैज्ञानिक या तकनीक शब्दों में बदलाव की जरूरत महसूस की जाती है। यही नहीं राज्यों से भी स्थानीय भाषाओं में अनुवाद करते समय राज्यों के भाषा विशेषज्ञों या ग्रंथ अकादमी से मदद ली जाए।हालांकि, इसके लिए एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ) सहित विषय से जुड़े अनुवादकों की मदद ली जा रही है। बावजूद इसके अंग्रेजी से अनुवादित होकर अलग भारतीय भाषाओं में तैयार की जा रही पाठ्यपुस्तकों की सामग्री कहीं उस विषय की मूल भावना से अलग न हो जाए, जिससे छात्रों को आगे चलकर उसे समझने में दिक्कत हो। ऐसे में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (ळउण्) ने सभी विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों को सतर्क किया और कहा है कि वह इस पर जरूरी ध्यान दें। खासकर इन विषयों से जुड़े वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दों को यदि जरूरी न हो तो बिल्कुल भी न छेड़ें। यूजीसी ने इस दौरान अनुवाद से जुड़ी जरूरी सावधानियों को लेकर एक गाइडलाइन भी जारी की है। जिसमें यह कहा है कि अनुवाद की प्रक्रिया के दौरान किसी वैज्ञानिक या तकनीक शब्दों में बदलाव की जरूरत महसूस की जाती है तो इसके लिए वैज्ञानिक और तकनीक शब्दावली तैयार करने वाले आयोग से संपर्क किया जाए।यही नहीं राज्यों से भी स्थानीय भाषाओं में अनुवाद करते समय राज्यों के भाषा विशेषज्ञों या ग्रंथ अकादमी से मदद ली जाए। छात्रों को भारतीय भाषाओं में पढ़ाने की यह पहल नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (ङ्क्ष) के आने के बाद तेज हुई है। जिसका एक बड़ा लक्ष्य उच्च शिक्षा को सभी की पहुंच में लाना भी है। इन पहलुओं पर ध्यान देने की जरूरत मौजूदा समय में इंजीनियरिंग, मेडिकल सहित कई ऐसे विषय है जिनकी पढ़ाई अभी तक अंग्रेजी में ही होती थी। ऐसे में इसकी पढ़ाई के लिए अंग्रेजी का जानना जरूरी होता था। इस बीच यूजीसी ने अनुवाद से जुड़ी इस गाइडलाइन में जिन अन्य पहलुओं पर ध्यान रखने की सलाह दी है, उनमें शब्दशः अनुवाद की जगह उसकी मूलभावना को स्पष्ट रखने, नंबर 1,2,3 या बुलेट (ए,बी,सी) को मूलस्वरूप में ही रखने, फार्मूला आदि को मूल स्वरूप में रखने की सुझाव दिया है।इसके साथ ही यूजीसी ने प्रत्यय व उपसर्ग शब्दों में ( किसी शब्द के पहले व बाद में उपयोग होने वाले शब्द ) कोई बदलाव न करने को कहा है। उदाहरण में भी तब तक कोई बदलाव न करने को कहा है, जब तक स्थानीय भाषा में उसका दूसरा कोई प्रचलित उदाहरण न हो। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत सभी विषयों को भारतीय भाषाओं में पढ़ाने व राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाएं भी इसमें कराने की सिफारिश की गई है। माना जा रहा है कि इसके बाद से जेईई मेंस और नीट जैसी राष्ट्रीय परीक्षाओं का आयोजन 13 भारतीय भाषाओं में शुरू किया गया है।




# जम्मू में मूसलाधार वर्षा से आठ मरे, दिल्ली में यमुना फिर उफनाई; अब संक्रामक रोगों के प्रसार का खतरा बढ़ा

उत्तर भारत के मैदानी इलाकों के साथ-साथ पहाड़ी राज्यों में नदियां उफान पर हैं। जहां नदियों का जलस्तर घट रहा है वहां अब संक्रामक रोगों खतरा बढ़ गया है। उत्तर भारत के मैदानी इलाकों के साथ-साथ पहाड़ी राज्यों में नदियां उफान पर हैं। जहां नदियों का जलस्तर घट रहा है वहां अब संक्रामक रोगों खतरा बढ़ गया है। बुधवार को जम्मू कश्मीर में मूसलधार वर्षा व भूस्खलन से कई घर ढह गए गए। कठुआ में तीन बच्चों सहित आठ की मौत हो गई। आगरा व मथुरा में यमुना का जलस्तर घट रहा है। बुधवार को जम्मू कश्मीर में मूसलधार वर्षा व भूस्खलन से कई घर ढह गए गए। कठुआ में तीन बच्चों सहित आठ की मौत हो गई। तड़के जम्मू से अमरनाथ यात्रा पर निकला श्रद्धालुओं का जत्था भी रामबन के चंद्रकोट में रोक दिया गया है, जबकि बालटाल मार्ग से जत्थे को आगे रवाना कर दिया गया। उत्तराखंड में भी वर्षा व भूस्खलन से बुधवार को दिनभर चार धाम यात्रा मार्ग बाधित होते रहे। हिमाचल में चंबा के सलूणी में बुधवार को भारी वर्षा से नालों में बाढ़ आ गई। दिल्ली में यमुना एक बार फिर से खतरे के निशान (205.33 मीटर) से ऊपर बहने लगी है। मंगलवार देर शाम आठ बजे जलस्तर खतरे के निशान से नीचे था, लेकिन बुधवार शाम पांच बजे तक यह 205.79 मीटर तक पहुंचा। इससे एक बार फिर से जलभराव का खतरा उत्पन्न हो सकता है। जम्मू कश्मीर में मूसलधार बारिश से तवी, उज्ज, चिनाब सहित सभी नदी-नाले उफान





पर हैं। इससे कई गांव को खतरा बना हुआ है। कटड़ा में भारी वर्षा व भूस्खलन से मां वैष्णो देवी का बैटरी कार मार्ग और नया ताराकोट मार्ग मंगलवार रात से ही बंद है। हालांकि पारंपरिक मार्ग से यात्रा जारी है। कठुआ में तरनाह नाले पर बना पुल धंसा जम्मू-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर कठुआ में तरनाह नाले पर बना पुल धंसने से राजमार्ग पर दोनों ओर से यातायात बाधित हो गया। अन्य राज्यों से आने वाले वाहनों को वैकल्पिक तौर पर हीरानगर के सीमांत क्षेत्र से निकाला जा रहा है। रामबन जिले में जम्मू-श्रीनगर हाईवे भी कई जगह पहाड़ से पत्थर गिरने से बंद है।हरिद्वार व ऋषिकेश में गंगा का जलस्तर चेतावनी रेखा से नीचे आ गया है। पिथौरागढ़ की चीन और नेपाल से लगी सीमा पर कालापानी और गुंजी के बीच नचीती में मंगलवार रात बादल फटने से नचीती नाला उफान पर आ गया। नाले के बहाव से चीन सीमा तक जाने वाली तवाघाट-लिपुलेख सड़क पर बना बेली ब्रिज और सड़क का करीब सौ मीटर हिस्सा बह गया। खस्ताहाल राजमार्गों के कारण पिछले 10 दिन से लगातार चार धाम यात्रा बाधित हो रही है। आगरा व मथुरा में यमुना का जलस्तर घट रहा है। आगरा शहर के निचले हिस्सों में अभी भी पानी भरे होने से लोगों की परेशानियां बरकरार हैं। लगभग 900 बीघा फसल डूबी है। वहीं, बाढ़ उतरने के बाद खिली धूप से संक्रामक रोगों के प्रसार का खतरा पैदा हो गया है। मेरठ में गंगा-यमुना के जलस्तर में कमी आई है, लेकिन दोनों नदियां अब कटान कर रही हैं। मुजफ्फरनगर में सोलानी नदी में फिर से उफान पर है। सहारनपुर में बाढ़ में विद्युत लाइन को ठीक करने पहुंचे एक अवर अभियंता (जेई) नदी में बह गए। हरियाणा सरकार ने राज्य के इतिहास में पहली बार बाढ़ घोषित की है। बुधवार शाम जारी पत्र के अनुसार, राज्य के 12 जिलों में कुल 1354 स्थानों पर बाढ़ आई है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला कहा कि जिला स्तर से प्राप्त सूचना के आधार पर राज्य सरकार ने अहम निर्णय लेते हुए प्रदेश के इतिहास में पहली बार औपचारिक रूप से बाढ़ घोषित की है। आठ से 12 जुलाई तक हुई तेज बारिश और हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब से आए बरसात के अत्यधिक पानी की वजह से हरियाणा में व्यापक स्तर पर सरकारी और निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचा है।

# दूसरा जीआई मेला 20-24 जुलाई इंडिया एक्सपो सेंटर, ग्रेटर नोएडा

नोएडा इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे में 20 से 24 जुलाई 2023 तक आयोजित हो रहे जीआई फेयर इंडिया के दूसरे संस्करण का उद्घाटन आज केंद्रीय कपड़ा राज्य मंत्री श्रीमती दर्शना वी जरदोश द्वारा किया गया घ् इस अवसर पर ईपीसीएच अध्यक्ष दिलीप बैद, आईईएमएल अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार, राज कुमार मल्होत्रा, पूर्व अध्यक्ष-ईपीसीएच, ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आर के वर्मा और ईपीसीएच की प्रशासनिक समिति के सदस्य मौजूद थे सभा को संबोधित करते हुए श्रीमती दर्शना वी जरदोश केंद्रीय कपड़ा राज्य मंत्री, ने जीआई फेयर इंडिया को भारत के कम प्रख्यात खजाने, स्वदेशी शिल्प और दुर्लभ विरासत के बौद्धिक गुणों को बढ़ावा देने का एक उत्कृष्ट माध्यम कहा और अपने निर्माताओं को बातचीत करने, ज्ञान साझा करने और व्यापार के अवसरों का पता लगाने का अवसर प्रदान करने वाला माध्यम बताया । उन्होंने ऐसे प्रदर्शकों, विशेष रूप से जीआई उपयोगकर्ताओं/उद्यमियों/कारीगरों, बुनकरों को एक मंच प्रदान करने में ईपीसीएच की भूमिका की सराहना की, जो अपनी कड़ी मेहनत, रचनात्मकता और पहल से भारत के सुदूर क्षेत्रों के उत्पादों की दृश्यता प्रदर्शित करने में सक्षम हैं। उन्होंने क्षेत्रों के एक इको-सिस्टम का सुझाव दिया जो प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुसार सहयोग और समावेशी विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने इच्छा व्यक्त की कि बेहतर व्यावसायिक अवसरों के लिए सभी जीआई उत्पादकों को जेम पोर्टल पर होना चाहिए घ् 'लोकल फॉर ग्लोबल' के विचार की सराहना करते हुए उन्होंने इसे भारत सरकार के




'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण के अनुरूप बताया, जिसका उद्देश्य न केवल स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना और आयात पर निर्भरता कम करना है, बल्कि निर्यातकों को स्थानीय सामग्रियों के साथ-साथ कौशल का उपयोग करके वैश्विक बाजार के लिए उत्पाद बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने डॉ. राकेश कुमार के गतिशील नेतृत्व में निर्यात प्रोत्साहन और क्षेत्र के विकास में ईपीसीएच की भूमिका की सराहना की। माननीय मंत्री ने आगे कहा कि भारत आज दुनिया की अपेक्षाओं का केंद्र बिंदु है और ऐसे मेलों और माध्यमों के माध्यम से हम भारत और विदेशों में ग्राहकों के लिए 'भारत में निर्मित' उत्पादों को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित और विपणन कर सकते हैं। ईपीसीएच के अध्यक्ष दिलीप बैद ने माननीय मंत्री को उनके समर्थन, दृष्टिकोण, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन के लिए धन्यवाद दिया, जो भारत में हस्तशिल्प उद्योग की वृद्धि और विकास में सहायक रहे हैं। जीआई फेयर इंडिया के दूसरे संस्करण में सभी का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा, ठइस तरह के बहु-विशिष्ट उत्पाद शो भारत की हस्तशिल्प विरासत और नए दर्शकों के लिए विविधता को उजागर करते हैं और बाद में हस्तशिल्प क्षेत्र के लिए व्यापार के अवसरों का विस्तार करते हैं।ठ उन्होंने आगे कहा, ङ्कनिर्यात बिजनेस का परिचयः मूल बातें, अवसर और चुनौतियां जैसे व्यापारिक महत्व के सामयिक मुद्दों पर प्रमुख डोमेन विशेषज्ञों और सलाहकारों द्वारा सेमिनार; और निर्यात के लिए लक्षित बाजारों के लिए पैकेजिंग सुविधा को अनलॉक करके उपयोगकर्ताओं के अनुभव और उनतक अपनी पहुंच को बढ़ाना और पारंपरिक उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए जीआई टैग वाले हस्तशिल्प एक प्रभावी उपकरण पर पैनल डिस्कशन भी आयोजित की जा रही है घ् माननीय मंत्री के आह्वान का जवाब देते हुए, आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने आश्वासन दिया कि जीआई फेयर इंडिया के अगले संस्करण से पहले सभी जीआई पंजीकृत प्रतिभागी जेम पोर्टल पर होंगे और यह भी प्रस्ताव दिया कि सभी जीआई टैग को एक क्यूआर कोड के साथ जोड़ा जा सकता है ताकि खरीदार द्वारा उत्पाद और निर्माता की प्रामाणिकता की पहचान की जा सके। उन्होंने आगे कहा, ङ्कजीआई उत्पाद मेले के माध्यम से भारत की पारंपरिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए, आगंतुकों के लिए विशेष 'श्री अन्ना थाली' का आनंद लेने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं - जो अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष 2023 का जश्न मनाने के लिए बाजरा व्यंजनों की एक अनूठी किस्म है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईसाई चर्च प्रमुख के बारे में टिप्पणी पर इराक अमेरिकी राजदूत को करेगा तलब

**बगदाद।** इराक संयुक्त राज्य अमेरिका के राजदूत को ईसाई चर्च के प्रमुख को लेकर टिप्पणी किये जाने पर तलब करेगा। इराक ने गुरुवार सुबह कहा कि वह इराक में ईसाई चर्च प्रमुख को हटाने के बारे में अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता की टिप्पणी पर



संयुक्त राज्य अमेरिका के राजदूत को तलब करेगा। इराक ने संयुक्त राज्य अमेरिका के राजदूत को ईसाई चर्च के प्रमुख को लेकर टिप्पणी किए जाने पर तलब करेगा। इराक ने गुरुवार सुबह कहा कि वह इराक में ईसाई चर्च प्रमुख को हटाने के बारे में अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता की टिप्पणी पर संयुक्त राज्य अमेरिका के राजदूत को जल्द तलब करेगा। राष्ट्रपति के एक बयान का हवाला देते हुए, इराकी राज्य मीडिया ने कहा कि विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर द्वारा इराकी सरकार के खिलाफ की गई टिप्पणियों के आधार पर राजदूत को तलब किया जाएगा। मंगलवार को, मिलर ने देश में ईसाई चर्च के प्रमुख के रूप में कलडीन कैथोलिक चर्च के संरक्षक कार्डिनल लुईस साको को मान्यता देने वाले एक डिक्री को रद्द करने के इराक के राष्ट्रपति के फैसले की आलोचना की। मिलर ने एक प्रेस वार्ता में कहा, ठमैं कहूंगा कि हम कार्डिनल साको के उत्पीड़न से परेशान हैं... और इस खबर से परेशान हैं कि उन्होंने बगदाद छोड़ दिया है।ठ ठहम उनकी सुरक्षित वापसी की आशा करते हैं। इराकी ईसाई समुदाय इराक की पहचान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इराक की विविधता और सहिष्णुता के इतिहास का एक केंद्रीय हिस्सा है।

# जी एल बजाज इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आयोजित हुआ डीबीटी कार्यक्रम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** स्थित जीएल बजाज शिक्षण संस्थान में उत्तर प्रदेश सरकार के बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा आयोजित डीबीटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह, बेनिफिट ट्रांसफर कार्यक्रम का लोकार्पण करते हुए कहा कि प्रदेश बेहतर शिक्षा और उन्नत भविष्य की राह पर आगे बढ़ रहा है। डीबीटी के माध्यम से 746 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों की 79,600 बालिकाओं को सीधे छात्रवृत्ति मिल श्रीचंद शर्मा ने डीबीटी पर चर्चा करते हुए कहा कि जर्मनी जैसा देश भी 5 लाख से ज्यादा लोगों को एक साथ पैसे ट्रांसफर नहीं कर सकता है जबकि भारत 12 करोड़ लोगों को एक साथ पैसे ट्रांसफर कर सकता है। भारत विश्व में चिकित्सा



एमएलसी श्रीचंद शर्मा, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी और डायट प्राचार्य संजय उपाध्याय ने भाग लेकर शिक्षकों को संबोधित किया। कार्यक्रम में जिले के सरकारी गैर सरकारी स्कूलों के अध्यापकों और छात्रों ने भाग लिया। सबसे पहले संस्थान के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने सभी अथितियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल रूप से जुड़कर प्रदेश के बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के कार्यक्रमों और प्रगति पर प्रकाश डाला उन्होंने डायरेक्ट रही है। 1 करोड़ 91 लाख छात्रों के यूनिफॉर्म, जूते मोज़े, स्वेटर और बैग के लिए अभिभावकों के खाते में 12 सौ रुपये जा रहे है। कॉलिज में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने भारतीय शिक्षा को कमजोर करने के लिए अंग्रेजों की निति की बात कही और भारतीय प्राचीन गुरुकुल पद्धिति को सबसे समृद्ध शिक्षा बताया जिसने विश्व को शल्य चिकित्सा से लेकर आयुर्वेद के ज्ञान तक को संसार को दिया। उन्होंने कहा आप सभी शिक्षक छात्रों को पर्यावरण और जल संरक्षण के लिए जागरूक करें ताकि मानव सभ्यता को बचाया जा सकें। एमएलसी और अंतरिक्ष के क्षेत्र में सबसे अच्छा कर रहा है यह शिक्षकों की इच्छा शक्ति का ही परिणाम है। अंत में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए कहा कि अपनी प्राचीनतम सभ्यता को पहचानते हुए आत्म मंथन करें ताकि छात्रों का सर्वांगीण विकास किया जा सके। समाज के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम का संचालन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी ने किया। इस दौरान कॉलिज के डीन प्लानिंग प्रो0 शशांक अवस्थी, डीन स्टूडेंट्स वैलफेयर प्रो0 एम0 एस0 नरुका और सभी अध्यापक मौजूद रहे।

# ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में जाएंगे पीए मोदी, नदारद रहेंगे पुतिन; दक्षिण अफ्रीका करेगा अगुआई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अमेरिका और फ्रांस की यात्रा के बाद पीएम नरेन्द्र मोदी अगले महीने दक्षिण अफ्रीका जाएंगे। वहां ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के संगठन (ब्रिक्स) का शिखर सम्मेलन है। वैसे इस बैठक के लिए रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन दक्षिण अफ्रीका नहीं जाएंगे लेकिन वह वर्चुअल तरीके से इसमें हिस्सा लेंगे। पुतिन की जगह रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव हिस्सा लेंगे। बाकी चारों सदस्य देशों के राष्ट्रपति हिस्सा लेंगे पीएम मोदी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए दक्षिण अफ्रीका जाएंगे। पिछले वर्ष की जी-20 बैठक के बाद पहली बार एक मंच पर पीएम मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग होंगे। इस बार ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का एजेंडा काफी व्यापक है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 22 से 24 अगस्त 2023 तक होने वाला है। बता दें इस बार के शिखर सम्मेलन में पुतिन शामिल नही होंगे पिछले वर्ष की जी-20 बैठक के बाद पहली बार एक मंच पर पीएम मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग होंगे। इस बार ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का



एजेंडा काफी व्यापक है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 22 से 24 अगस्त, 2023 तक होने वाला है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की तैयारियों को लेकर गुरुवार को पांचों सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की वर्चुअल मोड से बैठक होने वाली है। इसके बाद 24 व 25 जुलाई, 2023 को ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक होगी। इसमें हिस्सा लेने के लिए एनएसए अजीत डोभाल दक्षिण अफ्रीका जा रहे हैं। शिखर सम्मलेन से पहले इन दोनो बैठकों में ब्रिक्स के भावी एजेंडे पर बात होनी है। इसमें एक अहम प्रस्ताव ब्रिक्स संगठन के विस्तार करने का है। हाल ही में कई देशों ने इसका सदस्य बनने की इच्छा जताई है। भारत का मानना है कि ब्रिक्स का विस्तार किस तरह से किया जा सकता है, पहले इस बारे में एक नीति बनाई जानी चाहिए। सनद रहे कि भारत एक तरफ तो क्वाड (अमेरिका, जापान, आस्ट्रेलिया) का सदस्य है तो दूसरी तरफ वह चीन के वर्चस्व वाले एससीओ और ब्रिक्स का भी सदस्य है।

## असम के सीएम ने ट्विटर अकाउंट के बायो में किया बदलाव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** विपक्ष की 26 पार्टियों द्वारा अपने गठबंधन का नाम इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया) रखने के बाद असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने अपने ट्विटर बायो से 'इंडिया' शब्द हटाकर उसकी जगह 'भारत' कर दिया है। विपक्ष की 26 पार्टियों द्वारा अपने गठबंधन का नाम इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया) रखने के बाद असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने अपने ट्विटर बायो से इंडिया शब्द हटाकर उसकी जगह भारत कर दिया है। सरमा के ट्विटर बायो पर पहले लिखा था चीफ मिनिस्टर आफ असम इंडिया। विपक्षी गठबंधन के नाम पर निशाना साधते हुए सरमा ने ट्वीट भी किया था। सरमा के ट्विटर बायो पर पहले लिखा था, 'चीफ मिनिस्टर आफ असम, इंडिया।' विपक्ष की ओर से गठबंधन के नाम की घोषणा के बाद सरमा ने इसे बदलकर 'चीफ मिनिस्टर आफ असम, भारत' कर लिया है।

# नोएडा प्राधिकरण की सीईओ का हुआ तबादला, लोकेश कुमार होंगे नए सीईओ



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** नोएडा से एक बड़ी खबर आ रही है। यहां नोएडा प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) का तबादला कर दिया गया है। रितु माहेश्वरी पिछले कई वर्ष से नोएडा प्राधिकरण की सीईओ का पदभार संभाल रही थीं। उन्होंने कुछ महीनों ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी का भी पदभार संभाला था। कानपुर के कमिश्नर लोकेश कुमार को नोएडा प्राधिकरण का नया मुख्य कार्यपालक अधिकारी बनाया गया है। रितु माहेश्वरी को आगरा का कमिश्नर बना कर भेजा गया है।

## चुनावी राह पर अकेली चलीँ एझ्, गठबंधनों की राह में अटकाएंगी रोड़े

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** उत्तरप्रदेश में 19 प्रतिशत वोटों की साझेदार बसपा की ओर न तो राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने हाथ बढ़ाया और न ही विपक्षी दलों ने कोई महत्व दिया। अब तक तो कांग्रेस से बसपा की बातचीत की अटकलें चल रही थीं, लेकिन बंगलूरू में विपक्षी दलों के गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के आकार लेते ही संभवतः रही-सही संभावनाएं भी सिमट गईं। मायावती ने बुधवार को दावा किया कि यदि एनडीए और इंडिया गठबंधन सत्ता पाने की तैयारी कर रहे हैं तो तैयारियों में बसपा भी पीछे नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी जैसी जातिवादी-पूंजीवादी सोच रखने वाली पार्टियों के साथ गठबंधन करके फिर से केंद्र की सत्ता में आने के सपने देख रही है तो एनडीए भी अपने गठबंधन को हर मामले में मजबूत बनाने में जुटा है।

# सेक्टर 82 पाकेट 7 से पकडा गया लड़की का हत्यारा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** के थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के पुराने सुत्याने में सरस्वती एन्क्लेव में रहने वाले डा. सुदर्शन बैरागी के घर लूट करने और उनकी की बेटी



का हत्यारा उनका पड़ोसी ही निकला। इस पड़ोसी का नाम प्रदीप विश्वास है। यह हत्या करने वाला प्रदीप मूल रुप से मेरठ जिले के हस्तिनापुर का रहने वाला है। इन दिनों प्रदीप नोएडा के सेक्टर 82 में स्थित पॉकेट 7 के मकान नंबर 32/21 में रह रहा था। वह डा सुदर्शन बैरागी से बहुत अच्छे से परिचित तो था ही उसका डाक्टर के घर आना जाना भी लगा रहता था। लूट व हत्या की वारदात से पहले जब डा बैरागी अपनी पत्नी के साथ क्लीनिक पर जा रहे थे। तब प्रदीप उन्हें रास्ते में मिला था और उसने पूछा था कि आप कहां जा रहे हैं ? उसने यह भी पूछा था कि घर पर कौन है ? यह पूरी बात डाक्टर बैरागी ने पुलिस को बताई थी। इसी के आधार पर पुलिस ने प्रदीप को हिरासत में लिया था। डीसीपी सेंट्रल अनिल कुमार यादव बयां कि पूरी कहानी ग्रेटर नोएडा मर्डर केस में पुलिस ने कड़ियां जोड़ते हुए पूरी वारदात का खुलासा किया है। डीसीपी सेंट्रल अनिल कुमार यादव ने बताया कि सरस्वती एन्क्लेव में रहने वाले डाक्टर सुदर्शन बैरागी की 14 वर्षीय बेटी की हत्या व लूट के बाद प्रदीप विश्वास को हिरासत में ले लिया गया है। इस हत्यारे व लुटेरे ने पुलिस हिरासत से भागने का प्रयास किया तो पुलिस को गोली चलानी पड़ी। गोली प्रदीप के पैर में लगी है। घायल अवस्था में ही उसे गिरफ्तार किया गया है।नोएडा कमिश्नरी पुलिस के डीसीसी सेंट्रल जोन अनिल कुमार यादव ने बताया कि प्रदीप को हिरासत में लेकर पुलिस की टीम ने उसके सेक्टर 82 स्थित घर में तलाशी लेने गई थी। इस तलाशी में चावल के बोरे से पुलिस को 7,58,300 रुपये बरामद हुए। रुपये बरामद करने के बाद पुलिस आरोपी प्रदीप के साथ कुलेसरा पुस्ता के पास पहुँची तो आरोपी ने शौचक्रिया का बहाना बनाकर गाड़ी को रुकवाया। इसी बीच प्रदीप ने पेशाब कराने साथ गये पुलिसकर्मी का सरकारी पिस्टल छिनकर भागने का प्रयास किया। इस प्रयास के जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग कर दी। जिससे पुलिस की गोली प्रदीप के सीधे पैर में लगी। गोली लगते ही उसे घायल अवस्था में ही गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के लिए इस वारदात का खुलासा एक बड़ी कामयाबी की तरह देखा जा रहा है। क्योकि चंद घंटों में ही पुलिस ने इसका खुलासा कर दिया है।

# 'अबू आजमी ने जो कहा वो एंटी इंडिया है या प्रो इंडिया'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने बुधवार को समाजवादी पार्टी विधायक अबू आजमी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि



औरंगजेब के समाने सिर झुकाने वाले 'वंदे मातरम' से कतराते हैं। भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा कि सपा घ्ॐ्रं का हिस्सा है और उसके विधायक महाराष्ट्र विधानसभा में कहते हैं कि मैं वंदे मातरम नहीं कहूंगा यह मेरे धर्म के खिलाफ है। वो जाकर औरंगजेब के सामने सिर झुकाते हैं लेकिन वंदे मातरम कहने से कतराते हैं। साथ ही उन्होंने अखिलेश यादव राहुल गांधी और ममता बनर्जी से सवाल पूछे हैं। सपा विधायक की टिप्पणी को लेकर महाराष्ट्र विधानसभा में बुधवार को जमकर हंगामा हुआ और अंततः विधानसभा की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। दरअसल, अबू आजमी ने संभाजीनगर जिले में हुए दंगे का मुद्दा उठाते हुए कहा था कि वंदे मातरम का नारा लगाना उन्हें अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा था कि कुछ लोग कहते हैं कि अगर भारत में रहना है तो 'वंदे मातरम' बोलना ही होगा। हम इसे नहीं कर सकते। हम केवल एक ईश्वर में विश्वास करते हैं। सपा विधायक के इस बयान को लेकर जमकर हो हल्ला हुआ। पूनावाला ने कसा तंज इसी बीच शहजाद पूनावाला ने कहा कि सपा ' का हिस्सा है और उसके विधायक महाराष्ट्र विधानसभा में कहते हैं कि मैं वंदे मातरम नहीं कहूंगा, यह मेरे धर्म के खिलाफ है। वो जाकर औरंगजेब के सामने सिर झुकाते हैं, लेकिन वंदे मातरम कहने से कतराते हैं। आज बताना चाहिए कि नाम में जो लोग 'घ्ॐ्रं' रखते हैं उनके काम देश विरोधी क्यों होते हैं।

# रूस से क्रूड की खरीद हो सकती है कम, अमेरिका से ज्यादा; दोनों देशों के बीच हुई तीसरे दौर की रणनीतिक बैठक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पिछले वित्त वर्ष भारत ने रूस से क्रूड की खरीद को बढ़ाने का जो सिलसिला शुरू किया था वह अभी तक जारी है लेकिन निकट भविष्य में भारत की खरीद में खासी कमी आने की संभावना है। हालांकि अमेरिका से हो रहे क्रूड खरीद की मात्रा कुछ ज्यादा ही तेजी से बढ़ सकती है। अमेरिका के ऊर्जा सचिव और पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के बीच ऊर्जा पर तीसरी रणनीतिक बैठक हुई। बैठक में रिनीवेबल इनर्जी को किस तरह से साझा तौर पर आगे बढ़ाया जाए इसकी भावी रूप-रेखा पर बात तो हुई लेकिन अमेरिका की तरफ से ज्यादा कच्चे तेल और एलएनजी का प्रस्ताव भी रखा गया है। बता दें अमेरिका भारत के लिए क्रूड का अहम आपूर्तिकर्ता देश बन चुका है। मंगलवार को नई दिल्ली में पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी और अमेरिका के ऊर्जा सचिव जेनिफर एम ग्रानहोल्म की हुई बैठक में ऊर्जा सहयोग के सभी आयामों पर बात हुई है। इसमें रिनीवेबल इनर्जी में किस तरह से साझा तौर पर आगे बढ़ाई जाए इसकी भावी रूप-रेखा पर बात तो हुई लेकिन अमेरिका की तरफ से भारत को ज्यादा कच्चे तेल और एलएनजी का प्रस्ताव भी रखा गया है। इन दोनों उत्पादों में अमेरिका पहले ही भारत के लिए एक अहम आपूर्तिकर्ता देश बन चुका है, यह सिलसिला आगे और तेजी से बढ़ेगा। सूत्रों के मुताबिक यूक्रेन युद्ध के बाद कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में जो उछाल आया था उसकी वजह से भारत ने रूस से काफी ज्यादा तेल खरीदने की शुरूआत की थी, लेकिन अब माहौल बदल रहा है। इसके पीछे कई वजहें हैं। एक, रूस से क्रूड की आपूर्ति भारतीय कंपनियों के लिए अब उतनी आकर्षक नहीं रही जितनी पहले थी। रूस से क्रूड की कीमतों में जितनी छूट पहले मिलती थी उतनी अब नहीं मिल रही। दुनिया के दूसरे स्त्रोतों से क्रूड खरीदने पर और रूस से क्रूड की खरीद के बीच का अंतर काफी कम हो गया है। फरवरी, 2022 (यूक्रेन युद्ध की शुरुआत) के बाद जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड 120



डॉलर प्रति बैरल तक चला गया था तब भारत को रूस से क्रूड खरीद पर 15-20 डॉलर तक की छूट मिला करती थी। लेकिन पिछले पांच महीने से क्रूड की कीमत 70-80 डॉलर प्रति बैरल है और रूस से मिलने वाली छूट सिर्फ 05 डॉलर के करीब है। दूसरा कारण भू-राजनैतिक है यानी खाड़ी के पारंपरिक क्रूड आपूर्तिकर्ता देशों को भारत बहुत ज्यादा नजरअंदाज नहीं कर सकता। कुछ वर्ष पहले तक भारत की कुल क्रूड आपूर्ति का 60 फीसद खाड़ी के देशों से होता था जो अब घट कर 40 फीसद रह गया है। दूसरी तरफ वर्ष 2020 में भारत जहां अपनी जरुरत का दो फीसद रूस से क्रूड खरीद करता था वहीं अब यह 40 फीसद हो गया है। तीसरी वजह यह है कि भारत के आग्रह के बावजूद रूस क्रूड का भुगतान भारतीय मुद्रा में स्वीकार करने की स्थिति में नहीं है। सूत्रों का कहना है कि अमेरिका और भारत के मंत्रियों के बीच एक दिन पहले हुई बैठक में रूस से ऊर्जा खरीद पर बात हुई। भारत रूस से क्रूड खरीद को लेकर हमेशा पारदर्शी रहा है। पेट्रोलियम मंत्री पुरी अमेरिका के समक्ष भी यह स्पष्ट कर चुके हैं कि भारत अपनी ऊर्जा हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देगा। लेकिन अमेरिका को यह आश्वासन भी दिया गया है कि भारत उससे भी बड़ी मात्रा में क्रूड खरीदता रहेगा। निजी एजेंसियों के जो आंकड़े सामने आये हैं उसके मुताबिक वर्ष 2022-23 में भारत ने अगर रूस से 21 अरब डॉलर के कच्चे तेल की खरीद की है तो अमेरिका से भी 11.9 अरब डॉलर की क्रूड की खरीद की है। सनद रहे कि अमेरिका की तरफ से भारत पर हमेशा यह दबाव बनाने की रणनीति रही है कि वह रूस से कम खरीद करे। अभी तक सरकार ने इस दबाव को स्वीकार नहीं किया है लेकिन जानकार बता रहे हैं कि अमेरिका के साथ ऊर्जा कारोबार भारत के लिए रणनीतिक हितों के लिए ज्यादा जरूरी है। रूस से सिर्फ क्रूड की खरीद होती है जबकि अमेरिका भारत के रिफाइंड पेट्रोलियम उत्पादों का सबसे बड़ा खरीदार है। भारत के लिए रिफाइंड पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात विदेशी मुद्रा अर्जित करने का एक बड़ा माध्यम है।

## कर्नाटक में पूर्व सीएम बोम्मई पुलिस हिरासत में

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बेगलुरु।** कर्नाटक में सियासत एक बार फिर गरमा गई है। सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने है। भाजपा के 10 विधायकों के निलंबन के विरोध में बुधवार को कर्नाटक विधानसभा के बाहर प्रदर्शन करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई सहित भाजपा विधायकों को हिरासत में लिया गया और विधान सौध पुलिस स्टेशन ले जाया गया। राज्य पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी भी कुछ समय के लिए भाजपा के विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए थे बोम्मई ने निलंबन को अवैध और लोकतंत्र की हत्या करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि सिद्दरमैया सरकार ने तानाशाही रवैया अपना लिया है और विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। हम इस मुद्दे को लोगों तक ले जाएंगे। गौरतलब है कि बुधवार को अशोभनीय और अपमानजनक आचरण के लिए विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर ने दस भाजपा विधायकों को शेष सत्र के लिए कर्नाटक विधानसभा से निलंबित कर दिया है।



# मणिपुर सहित हर मुद्दे पर चर्चा को सरकार तैयार, राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र की गुरुवार को शुरुआत हो रही है।



ऐसे में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को सर्वदलीय बैठक हुई। इस दौरान केंद्र सरकार ने कहा कि वह 20 जुलाई से शुरू होने वाले मानसून सत्र में नियमों के तहत अनुमति प्राप्त और सभापति द्वारा अनुमोदित हर मुद्दे पर चर्चा करने को तैयार है। संसद के मानसून सत्र की गुरुवार को शुरुआत हो रही है। सूत्रों के मुताबिक केंद्र सरकार ने सभी दलों को यह जानकारी दी कि हम मणिपुर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार हैं। वहीं सूत्रों ने बताया कि इससे पहले प्रह्लाद जोशी ने इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष द्वारा बुलाई गई व्यापार सलाहकार समिति की बैठक में कहा था कि सरकार मणिपुर में हिंसा पर चर्चा करने के लिए तैयार है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि सत्र के लिए 32 विधायी मुद्दे हैं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, केंद्र सरकार ने सभी दलों को यह जानकारी दी कि हम मणिपुर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार हैं। वहीं, सूत्रों ने बताया कि इससे पहले प्रह्लाद जोशी ने इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा बुलाई गई व्यापार सलाहकार समिति की बैठक में कहा था कि सरकार मणिपुर में हिंसा पर चर्चा करने के लिए तैयार है।बता दें कि मानसून सत्र में विपक्षियों द्वारा उठाए गए हिंसाग्रस्त मणिपुर के मुद्दे को लेकर जोरदार हंगामे की संभावना जताई जा रही है। कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा, उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि बालेश्वर हादसे, महंगाई, बेरोजगारी, इंडो-चीन स्थिति और इंडो-चीन ट्रेड में जो असंतुलन हो रहा है, उसपर चर्चा हो।

# एल्विश यादव और अविनाश सचदेव के बीच हुई गाली-गलौज, फलक नाज पर कमेंट करने को लेकर भड़के एक्टर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 में कंटेस्टेंट्स की धमा-चौकड़ी जारी है। घर में कभी कंटेस्टेंट्स की मस्ती तो कभी इनके भयंकर झगड़े देखने को मिलते है। अब एक टास्क के दौरान अविनाश सचदेव और एल्विश के बीच लड़ाई हो गई और बात इतनी बढ़ गई कि गाली गलौज तक पहुंच गई। बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 में हाल ही दो वाइल्ड कार्ड एंट्री हुई है। इनमें पॉपुलर यूट्यूबर एल्विश यादव और सोशल मीडिया स्टार आशिका भाटिया का नाम शामिल है। तगड़ी फैन फॉलोइंग के कारण एल्विश यादव लगातार चर्चा में बने हुए है। अब वो अविनाश सचदेव संग झगड़े को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं। बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 के हालिया एपिसोड में बिग बॉस ने कैप्टेंसी टास्क के दौरान एल्विश यादव को लीडर की भूमिका निभाने के लिए कहा। उन्हें घर में सभी कंटेस्टेंट्स को टास्क सौंपना था। पहले राउंड में, एल्विश ने जिया शंकर, फलक नाज, अविनाश सचदेव, अभिषेक मल्हान और



बेबिका धुर्वे को अपना काम ठीक से न करने के लिए बुलाया। बहसबाजी पहुंची गाली- गलौज तक दूसरे राउंड में एल्विश ने अविनाश सचदेव से कहा कि वो सीट पर बैठकर दोहराए जो उन्होंने कहा है, लेकिन अविनाश ने ऐसा करने से इनकार कर दिया। एक्टर ने कहा कि वो इस टास्क में हिस्सा नहीं लेना चाहते। इसके बाद एल्विश और अविनाश के बीच बहस शुरू हो गई, जो गाली-गलौज में बदल गई।एल्विश यादव ने झगड़े के बीच इशारों में फलक नाज को लेकर कमेंट कर दिया। इसके बाद अविनाश का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और उन्होंने टास्क जारी रखने से साफ इनकार कर दिया। बाद में फलक नाज ने खुद भी एल्विश से बात की और उनका नाम बीच में घसीटने पर एतराज जताया। बिग बॉस के घर में एल्विश यादव का झगड़ा जिया शंकर के साथ भी हुआ। दरअसल, एल्विश ने जिया से पीने का पानी देने के लिए कहा। इस पर जिया ने पानी तो दिया, लेकिन उसमें साबुन मिला दिया। जब एल्विश को पानी पीने के बाद कुछ अजीब लगा तो उन्होंने जिया से सवाल किया। जिया ने खुद का बचाव करते हुए कहा कि शायद गिलास धुलते वक्त साबुन लगा रह गया होगा और वो खुद पानी चेक नहीं करेंगी, क्योंकि वो किसी का झूठा नहीं पीतीं। हालांकि, बाद में मनीषा रानी ने एल्विश को बता दिया कि जिया ने उनके पानी में साबुन मिला दिया था। इस पर एल्विश का गुस्सा भड़क गया और जिये से उनकी बहस हो गई।अंत में जिया को एल्विश से माफी मांगनी पड़ी।

# रेड स्विमसूट में दिशा परमार ने फ्लॉन्ट किया बेबी बंप, पूल साइड दिखाईं मदमस्त अदाएं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** फेमस टेलीविजन एक्ट्रेस दिशा परमार अपनी लाइफ की नई



जर्नी को इंजॉय कर रही हैं। एक्ट्रेस ने कुछ महीनों पहले अपने मां बनने की खुशी सोशल मीडिया पर फैंस के साथ शेयर की थी। इस अनाउंसमेंट के बाद दिशा ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें वह खुशी-खुशी अपने बेबी बंप को फ्लॉन्ट करते देखी गईं। एक्ट्रेस ने अब स्विमसूट में बेबी बंप फ्लॉन्ट किया है। दिशा परमार छोटे पर्दे की बड़ी एक्ट्रेस हैं। लोगों को नकुल मेहता के साथ उनकी रील लाइफ केमेस्ट्री पसंद है। साथ ही राहुल वैद्य के साथ उनकी रियल लाइफ बॉन्डिंग भी लोगों का दिल जीतती है। दिशा परमार प्रेग्नेंट हैं। उन्होंने हाल ही में स्विमसूट में पूल के किनारे बैठ फोटोशूट कराया। हॉटनेस से भरा उनका लुक देख फैंस उनकी खूबसूरती पर मर मिटे हैं। दिशा परमार ने कब उम्र में काफी नाम और शोहरत हासिल की है। एक्ट्रेस ने 'प्यार का दर्द है मीठा मीठा प्यारा प्यारा' और 'बड़े अच्छे लगते हैं 2' जैसे बड़े बैनर के सीरियल में काम किया है। सोशल मीडिया पर यह खूबसूरत अदाकारा अच्छी फैन फॉलोइंग को एंजॉय करती है। लोगों को सिंगर राहुल वैद्य के साथ इनकी जोड़ी पसंद है। हाल ही में एक्ट्रेस ने पूल किनारे रेड स्विमसूट में अपने बेबी बंप को फ्लॉन्ट करते हुए फोटो क्लिक कराई। उन्होंने इंस्टाग्राम पर तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, ''एक बार में एक छींटा।'' दिशा की यह तस्वीर देख यूजर्स इमोशनल हो गए हैं और शुभकामनाओं के साथ प्यार लुटा रहे हैं। एक फैन ने उन्हें सबसे खूबसूरत होने वाली मां बताया। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'सबसे खूबसूरत फोटो। आप प्रेग्नेंसी को नॉर्मल ले रहे हो, और नॉर्मल लोगों की तरह रिएक्ट कर रहे हो।' नेशनल टेलीविजन पर किया था प्रपोज बता दें कि दिशा और राहुल ने साल 2021 में शादी रचाई थी। राहुल वैद्य (प्ल्त् ईर्ह्ब) ने उन्हें दिशा को नेशनल टेलीविजन पर 'बिग बॉस 14' में प्रपोज किया था। यह बिग बॉस के इतिहास का भी अब तक का सबसे शानदार और याद रखे जाने वाला पल रहा है।दिशा परमार और राहुल वैद्य ने नेशनल टेलीविजन पर अपने रिलेशन का खुलासा करने के बाद 16 जुलाई, 2021 में शादी कर ली।

# स्टार प्लस के शो 'गुम हैं किसी के प्यार में' का नया प्रोमो जारी हुआ, सवी बनना चाह रही आईएएस अफसर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।**स्टार प्लस का टीवी सीरियल 'गुम हैं किसी के प्यार में' लगातार दर्शकों की पसंद बना हुआ है। 2020 में शुरू हुए इसी सीरियल की खुमारी और ऑडिएंस बढ़ती जा रही है। इस शो ने हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप-10 में भी जगह बनाई है। हाल ही में मेकर्स ने शो का नया प्रोमो भी रिलीज किया है टीवी सीरियल गुम हैं किसी के प्यार में ने हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप-10 में भी जगह बनाई है। हाल ही में मेकर्स ने शो का नया प्रोमो भी रिलीज किया है। शो की स्टारकास्ट भी काफी बड़ी है। सीरीयल में सवी के रोल में भाविका शर्मा हैं। ईशान के दमदार और खड़ूस रोल को शक्ति अरोड़ा कर रहे हैं। शो में ईशान, सवी और रीवा मुख्य किरदार हैं। हाल ही में मेकर्स ने इसका नया प्रोमो जारी किया है। इसमें सवी अपने माता-पिता (साई और विराट) की तस्वीर लिए खड़ी है। उनसे कहा रही है कि वे जिंदा होते तो आज उसे ये सब करने की जरूरत नहीं पड़ती। दरअसल सवी आईएएस अधिकारी बनना चाहती है, लेकिन उड़ मजबूरी में शादी करनी पड़ रही है। तभी सवी की दादी आती हैं और वे भी उसे अपने सपनों के



पीछे दौड़ने की सलाह देती हैं। फिर सवी शादी छोड़कर चली जाती है। सवी को आईएएस बनना है, इसके लिए उसे अच्छे कॉलेज में एडमिशन चाहिए। सवी ने भोसले इंस्टीट्यूट को चुना, वह वहां एडमिशन लेने जाती है। लेकिन तभी उसे वहां ईशान मिलता है, जो ये कॉलेज चला रहा है। ईशान उसे एडमिशन देने से मना कर देता है। लेकिन सवी हार नहीं मानती और ठान लेती है कि उसे इसी कॉलेज में एडमिशन लेना है। सवी का रोल करने वाली भाविक शर्मा कहती हैं कि सवी एक मजबूत इरादों वाली लड़की है। वह शादी की बजाय अपने सपनों को साकार करने में ज्यादा यकीन रखती है। सवी का दृढ़निश्चय इतना मजबूत है कि वह कुछ भी करने से हिचकिचाती नहीं है। सवी को उसकी दादी ने खूब सपोर्ट किया है। दादी ने हमेशा उसे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। लेकिन हर दूसरी कहानी की तरह इसमें भी मोड़ हैं, अब ये देखना दिलचस्प होगा कि सवी अपने सपने साकार कर पाती है या नहीं। क्या उसे अपने सपनों को पूरा करने में ईशान का साथ मिलेगा, यह देखना है।शो की स्टारकास्ट भी काफी बड़ी है। सीरीयल में सवी के रोल में भाविका शर्मा हैं। ईशान के दमदार और खड़ूस रोल को शक्ति अरोड़ा कर रहे हैं। इनके अलावा आयशा सिंह , ऐश्वर्या शर्मा और हर्षद अरोड़ा समेत कई कलाकार हैं।

# मणिपुर में दो महिलाओं के साथ हुई हैवानियत से आक्रोश में बॉलीवुड, इन सितारों ने उठाई आवाज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** मणिपुर में दो महिलाओं के साथ हुए हादसे ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। भीड़ के द्वारा महिलाओं को निर्वस्त्र कर परेड कराने वाले वायरल वीडियो को दर्दनाक हादसे पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए दोषियों के लिए कड़ी से कड़ी सजा की मांग की थी। उनके बाद अब ऋचा चड्ढा ने भी अपना गुस्सा व्यक्त करते हुए लिखा, ठशर्मनाक, भयानक और देखने के बाद भी अंदर तक नहीं हिले हैं, तो आपको खुद को इंसान कहने का कोई हक नहीं है। भारतीय या इंडियन की तो बात ही छोड़ दोठ। मणिपुर में महिलाओं के साथ हुए अपराध पर सोनू सूद



देखकर हर किसी के अंदर गुस्से की ज्वाला फूट रही है। मानवता को शर्मसार कर देने वाले इस वायरल वीडियो को देखने के बाद सोशल मीडिया पर लोग अपराधियों के खिलाफ कड़े से कड़ा एक्शन लेने की मांग कर रहे हैं। दो महिलाओं के साथ हुई इस घटना से बॉलीवुड सितारों का भी गुस्सा फूटा। अक्षय कुमार के बाद ऋचा चड्ढा, रेणुका शहाणे और विवेक अग्निहोत्री सहित कई सितारों ने इस दिल दहला देने वाली घटना पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। अक्षय कुमार ने कुछ समय पहले महिलाओं के साथ हुए इस अधर्मठ। उनके अलावा बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर ने ट्वीट करते हुए लिखा, ठमणिपुर में हुए हादसे के वीडियो से मैं अंदर से हिल गई हूं और इस फैक्ट से शॉक में हूं कि यह मई में हुआ और इस पर किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन लोगों को शर्म आनी चाहिए जो सत्ता के नशे में चूर हैं और ऊंची पोस्ट पर बैठे हुए हैं। मशहूर हस्तियां चुप हैं, प्यारे भारतीय हम यहां पर कब पहुंचेठ। रेणुका शहाणे ने अपना गुस्सा व्यक्त करते हुए कहा, ठमणिपुर में इस निर्दयता को रोकने वाला कोई नहीं है। अगर आप दो महिलाओं को परेशान करने वाले इस वीडियो को ने अपना गुस्सा व्यक्त करते हुए लिखा, ठमणिपुर में हुए हादसे ने हर किसी की आत्मा को अंदर तक हिलाकर रख दिया है। ये इंसानियत की लोगों ने परेड निकाली है, सिर्फ महिला की नहींठ। इन सितारों के अलावा विवेक अग्निहोत्री चिन्मयी श्रीपदा ने भी वीडियो पर अपना गुस्सा व्यक्त किया। मणिपुर के निवासी पिछले काफी समय से हिंसा की आग मणिपुर में 3 मई से इम्फाल घाटी में केंद्रित मेजोरिटी मेइती और पहाड़ियों पर कब्जा करने वाले कुकी लोगों के बीच जातीय टकराव चल रहा है। मणिपुर में ये हिंसा खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है। इस हिंसा में अब तक 160 से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

# तुम इन सब में मत पड़ो', इस बड़े डर के कारण श्रीदेवी ने बेटी जाह्नवी कपूर को दी थी सलाह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।**जाह्नवी कपूर को इंडस्ट्री में 20 जुलाई को 5 साल पूरे हो जाएंगे। उन्होंने साल 2018 में धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म 'धड़क' से बॉलीवुड में कदम रखा था। इस फिल्म में उनके अपोजिट ईशान खट्टर नजर आए थे। जाह्नवी कपूर को 20 जुलाई 2023 को बातचीत के दौरान जाह्नवी कपूर ने इस बात का खुलासा किया था कि उनकी मां कभी नहीं चाहती थीं कि वह एक्टिंग को अपने प्राइम करियर के तौर पर चुनें। 'मिली' एक्ट्रेस ने बताया, ठमेरी मां ने मुझसे कहा था कि तुम इन सब में मत पड़ो। मैंने अपनी पूरी लाइफ इसलिए हार्ड वर्क किया है ताकि मेरे बच्चे अच्छी जिंदगी



इंडस्ट्री में पांच साल पूरे होने वाले हैं। उन्होंने साल 2018 में अपने करियर की शुरुआत फिल्म धड़क से की थी। जाह्नवी कपूर आज भले ही बड़ी-बड़ी फिल्में कर रही हों लेकिन एक समय ऐसा था जब श्रीदेवी बिल्कुल भी नहीं चाहती थीं कि उनकी बेटी एक्टिंग की दुनिया में कदम रखें। जाह्नवी कपूर ने अब तक अपने पांच साल के करियर में 7 फिल्में की हैं। आज वह कई डायरेक्टर्स की भी पहली च्वाइस बन चुकी हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि बॉलीवुड की चांदनी 'श्रीदेवी' ये कभी भी नहीं चाहती थीं कि उनकी बेटी फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा बनें। इस बात का खुलासा गुड लक जैरी के प्रमोशन के दौरान जाह्नवी कपूर ने किया था। जाह्नवी ने अपने इंटरव्यू में ये भी बताया था कि आखिर उनकी मां श्रीदेवी का सबसे बड़ा डर क्या था।एक मीडिया पोर्टल से जी सकें, तुम खुद को इसमें क्यों डालना चाहती होंठ। अपनी मां श्रीदेवी के डर को समझते हुए जाह्नवी कपूर ने उन्हें समझाया और जवाब देते हुए कहा, ठमां मुझे फिल्मों से बहुत ही प्यार है और मैं हमेशा से एक्टर बनना चाहती थी और मैं एक्टर बने बिना नहीं जी पाऊंगीठ। जाह्नवी कपूर ने ई-टाइम्स से खास बातचीत में इस बात का खुलासा किया था कि उनकी मां उन्हें फिल्मों को लेकर काफी समझाती थीं। उन्होंने जाह्नवी कपूर को ये समझाया था कि उनकी 300 फिल्मों से 'धड़क' एक्ट्रेस की पहली ही फिल्म की तुलना की जाएगी, क्या वो इसके लिए तैयार हैंठ। तब जाह्नवी ने एक्ट्रेस श्रीदेवी को कहा था कि उनका ये सफर थोड़ा मुश्किल होगा, लेकिन अगर वह आर्टिस्ट नहीं बनीं तो वह लाइफटाइम इस दुख से उभर नहीं पाएंगी।

# अभिषेक मल्हान का दोस्त ही बना उनका दुश्मन, नंबर 1 पोजिशन पर किया कब्जा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी 2 धीरे-धीरे आपने फिनाले की तरफ बढ़ रहा है। सलमान खान के इस सीजन में शुरुआत से ही कंटेस्टेंट के बीच आपसी तू-तू, मैं-मैं देखने को मिल रही है। चार हफ्ते के बाद अब कंटेस्टेंट अपने गेम को मजबूत करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। 2 बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 जैसे-जैसे अपने अंतिम पड़ाव की तरफ बढ़ रहा है वैसे-वैसे मेकर्स शो में ट्विस्ट एंड टर्न लेकर आ



रहे हैं। अब तक अभिषेक मल्हान का गेम लोगों को बहुत ज्यादा पसंद आ रहा था। लेकिन अब बिग बॉस की रैंकिंग में पूरी काया पलट हो चुकी है और इस कंटेस्टेंट ने उन्हें नंबर 1 पोजिशन हड़प ली है। तीन हफ्ते बीत जाने के बाद घर में जब वाइल्ड कार्ड एंट्री के रूप में एल्विश यादव और आशिका भाटिया आए, तो घर में काफी हलचल मच गई। उन्होंने आते ही सभी को रोस्ट करना शुरू कर दिया।

## अभिषेक-जिया को अलग करके ही मानेंगी मनीषा रानी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 धीरे-धीरे अपने पीक पर पहुंच रहा है, ऐसे में घर में मौजूद सेलिब्रिटी कंटेस्टेंट भी ऑडियंस को अपने गेम से इम्प्रेस करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। सलमान खान के शो में कंटेस्टेंट शुरुआत से ही दो हिस्सों में बंटे हुए हैं। घर में जहां अविनाश



सचदेव, फलक नाज, पूजा भट्ट और बेबिका साथ मिलकर गेम खेल रहे हैं, तो वहीं मनीषा रानी, अभिषेक मल्हान, एल्विश यादव और आशिका भाटिया का दूसरा ग्रुप है। जैद हदीद और जिया दोनों बिग बॉस के घर में बिन पैंदी के लोटे की तरह गेम खेल रहे हैं। हालांकि, अब गेम ऐसे लेवल पर पहुंच चुका है, जहां कंटेस्टेंट दोस्त भी एक-दूसरे की पीठ पर छुरा घोंपने से नहीं कतरा रहे हैं। हाल ही में कुछ ऐसा ही करती दिखीं मनीषा रानी, जिन्होंने अपने ही दोस्त अभिषेक के खिलाफ एक साजिश रच डाली।चौथे हफ्ते के बाद बिग बॉस के घरवालों के आपसी रिश्तों में काफी बदलाव देखने को मिला।

# जारी है कार्तिक-कियारा की फिल्म की कमाई, 21 दिनों में कमा लिए इतने करोड़

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की फिल्म सत्यप्रेम की कथा ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की थी। अब फिल्म को थिएटर्स में टिके हुए 21 दिन हो चुके है। फिर भी सत्यप्रेम की कथा की कमाई जारी



है। 21 समीर विद्वांस के डायरेक्शन में बनी फिल्म सत्यप्रेम की कथा को रिलीज हुए अब एक महीने होने वाले है। फिल्म के बिजनेस में गिरावट देखने को मिल रही है। सत्यप्रेम की कथा का कलेक्शन अब करोड़ से लाख में पहुंच गया है लेकिन फिर भी फिल्म थिएटर्स से अलविदा लेने को तैयार नहीं है। बॉक्स ऑफिस पर अब तक कई फिल्में रिलीज हो चुकी है। इनमें कुछ हॉलीवुड फिल्में भी शामिल है, जो सत्यप्रेम की कथा को तगड़ी टक्कर दे रही है। सत्यप्रेम की कथा के बिजनेस पर हालिया रिलीज फिल्मों का असर पड़ा है, लेकिन गिरते- पड़ते हुए भी एझ्ख्ख् अभी भी कमाई कर रही है। सत्यप्रेम की कथा ईद के मौके पर 29 जून को रिलीज की गई थी। फिल्म ने ओपनिंग डे पर 9.25 करोड़ के साथ टिकट खिड़की पर खाता खोला था। वहीं, ओपनिंग वीकेंड पर फिल्म ने 37.35 करोड़ का नेट कलेक्शन कर लिया। सत्यप्रेम की कथा ने थिएटर्स में आते ही तेजी के साथ अपनी बिजनेस बढ़ाया। पहले हफ्ते में ही फिल्म ने 50 करोड़ा से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया। इसके बाद सत्यप्रेम की कथा की कमाई दूसरे हफ्ते में ही 68 करोड़ के करीब पहुंच गई। अब सत्यप्रेम की कथा के लेटेस्ट कलेक्शन की बात करें तो फिल्म का बिजनेस करोड़ों से गिरकर लाखों में पहुंच गया है। हालांकि, कम बजट में बनी इस फिल्म ने अपनी लागत पहले ही निकाल ली है और अब सिर्फ मुनाफा कमाती जा रही है। बिजनेस में आई गिरावट सत्यप्रेम की कथा के हालिया हफ्ते में किए गए बिजनेस की ओर नजर डाले तो फिल्म ने सोमवार (17 जुलाई) को 8 लाख का नेट बिजनेस किया। वहीं, मंगलवार (18 जुलाई) को 75 लाख की कमाई की। फिल्म ने अब तक कमाए इतने करोड़ अब फिल्म के 19 जुलाई के कलेक्शन की बात करें तो ऍम्हग्त्व् की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने बुधवार को भी लगभग 75 लाख का नेट बिजनेस किया है। इसके साथ ही सत्यप्रेम की कथा ने अब तक डोमेस्टिक बॉक्स ऑफिस पर लगभग 79.56 करोड़ का नेट कलेक्शन कर लिया है।सत्यप्रेम की कथा का डायरेक्शन समीर विद्वांस ने किया हैं। फिल्म में कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी के साथ सुप्रिया पाठक कपूर, गजराज राव, सिद्धार्थ रंदेरिया, अनुराधा पटेल, राजपाल यादव, निर्मित सावंत और शिखा तल्सानिया भी अहम किरदारों में हैं। फिल्म साजिद नाडियावाला के प्रोडक्शन में बनी है।

# सस्ता आयरन मैन लग रहा है', प्रभास के लुक को देखकर सोशल मीडिया पर बौखलाए यूजर्स

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** इन दिनों तेलुगु सिनेमा के सुपरस्टार प्रभास अपनी आगामी फिल्म 'प्रोजेक्ट के' को लेकर चर्चा में हैं। उनकी फिल्म से पूरी स्टारकास्ट का फर्स्ट लुक कल यानी ने उनकी तुलना 'आयरन मैन' से करनी शुरू कर दी। सोशल मीडिया पर कुछ दिनों पहले मेकर्स ने दीपिका पादुकोण का लुक मेकर्स ने रिवील किया था। उनका लुक तो फैंस को भाया, लेकिन जो चीज पसंद नहीं इससे पहले हमने कभी न देखा हो। ये देखकर बहुत ही बुरा लग रहा है। प्रभास 'आयरन मैन' की सस्ती कॉपी लग रहे हैंठ। इसके अलावा दूसरे यूजर ने पोस्टर पर कमेंट करते हुए लिखा, ठसच कहूं



कि 21 जुलाई को फैंस के सामने आएगा, लेकिन उससे पहले बीते दिन मेकर्स ने दीपिका के बाद प्रभास के लुक पर से भी पर्दा उठा दिया। प्रोजेक्ट्स के से प्रभास का लुक रिलीज होने से पहले फैंस जितने एक्साइटेड थे, उतना ही निराश वह फर्स्ट लुक आउट होने के बाद हुए। प्रोजेक्ट के से प्रभास के फर्स्ट लुक को देखकर सोशल मीडिया पर लोगों आई, वो ये कि पोस्टर में सिर्फ दीपिका का फेस ही दिखाया गया था। अब उनके बाद प्रभास के लुक से भी सोशल मीडिया पर कुछ खास इम्प्रेस नहीं हुए। एक यूजर ने एक तरफ प्रभास और दूसरी तरफ आयरन मैन की फोटो लगाते हुए कैप्शन में लिखा, ठइन दोनों ही पिक्चर्स के बीच क्या ही फर्क है। हम कुछ ऐसा देखना चाहते थे, जो तो ये बहुत ही चीप फोटोशॉप लग रही हैठ। अन्य यूजर ने लिखा, ठमुझे समझ नहीं आ रहा लगातार फ्लॉप के बाद भी प्रोड्यूसर्स प्रभास पर अपनी मनी क्यों इन्वेस्ट कर रहे हैं। एक अन्य यूजर ने तो प्रोजेक्ट के की रिलीज से पहले ही इस फिल्म को फ्लॉप घोषित कर दिया। हालांकि, इस बीच प्रभास के फैंस ट्रोल्स को करारा जवाब देते हुए उन्हें इंडियन आयरनमैन बता रहे हैं। एक फैन ने लिखा, ठबहुत ही शानदार, सुपरहीरो उदय हो रहा है। माइथोलॉजिकल बैकड्राप के साथ इंडियन आयरन मैन आया हैठ। दूसरे फैन ने अपने पसंदीदा स्टार का समर्थन करते हुए लिखा, ठइंडियन सिनेमा का आयरन मैनठ।आपको बता दें कि प्रभास और दीपिका पादुकोण के अलावा इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और कमल हासन भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।